मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 217 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
21 जनवरी 2024 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**
23 अधिकतम
11 न्यूनतम



Page- 7

### आज रात आठ बजे अयोध्या के नए मंदिर में रखी जाएगी रामलला की मूर्ति

# मप्र की अयोध्या में मौजूद रहेगी मोहन सरकार, कल पूरा होगा 'अनुष्ठान'

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र सरकार कल अयोध्या में रामलला प्रतिमा की प्राणप्रष्ठि के वक्त बुंदेलखंड की अयोध्या और विख्यात रामराजा सरकार की नगरी ओरछा में विशेष आयोजन के लिये जुटेगी। इस मौके पर बेतवा नदी के कंचना घाट पर एक लाख दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे। श्रीराम राजा मंदिर ओरछा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में विशेष आयोजन होंगे। गत दिवस ही ओरछा में मप्र कांग्रेस ने अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की मौजूदगी में कांग्रेस ने सुंदरकांड का पाठ किया था। बताया जाता है कि कल ओरछा में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहेंगे। वे रमराजा सरकार के दर्शन करेंगे और मंदिर परिसर से ही अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखेंगे। कंचना घाट पर 1 लाख दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसी के साथ बेतवा की आरती भी होगी।



**पीएम मोदी ने अरिचल मुनाई बिंदु पर किया प्राणायाम**

**रामेश्वरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण भारत की यात्रा पर आज सुबह रामेश्वरम में धनुषकोडी पहुंचे। यहां समुद्र तट पर अरिचल मुनाई बिंदु है। उन्होंने थोड़ी देर प्राणायाम भी किया। यहां अलग-अलग रंगों के फूलों से आकृति बनाई। माना जाता है कि भगवान श्रीराम ने लंका जाने के लिए यहीं से समुद्र से रास्ता मांगा था। रामायण में उल्लेख है कि भगवान राम ने इसी स्थान पर बैठकर समुद्र से प्रार्थना की थी कि वो रास्ता दे दे, ताकि उनकी वानर सेना लंका तक जा सके।

## श्रीराम राहगीरी उत्सव में पूरे रंग में दिखे मुख्यमंत्री

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री मोहन यादन ने आज सुबह 'श्रीराम राहगीरी आनंदोत्सव' का शुभारंभ किया। सीएम ने 'श्रीराम राहगीरी आनंदोत्सव' में प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान के स्वरूप की पूजा-अर्चना भी की। सीएम ने इस दौरान रामजी की लीला है न्यारी भजन भी गाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री विविध रंगों में रंगे नजर आए। वे कभी अश्व पर सवार हुए तो कहीं दंड घुमाते और कहीं पंजा लड़ाते नजर आए। इस दौरान शहर में अपार जनसमुदाय उमड़ पड़ा।



**अयोध्या में चार घंटे बिताएंगे पीएम मोदी:** 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामनगरी में करीब चार घंटे बिताएंगे। पीएम सुबह 10.25 बजे पहुंचेंगे। यहां से 10.55 बजे श्रीरामजन्मभूमि पर आगमन होगा। 11 से 12 बजे तक का समय आरक्षित है। दोपहर 12.05 से 12.55 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत करेंगे। इसके बाद वे करीब एक बजे पूजा स्थल से सार्वजनिक समारोह स्थल पर पहुंचेंगे। यहां दोपहर दो बजे तक रहेंगे। इसके बाद 2.10 बजे कुबेर टीला के दर्शन करेंगे। इस वक्त राम मंदिर को पीएसएसएफ की अभेद्य और अचूक सुरक्षा कवच में ले रखा है।



**भोपाल। भवानी चौक पर मंदिर की सज्जा अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर की गई।**

**भागवत बोले-कड़वाहट अब खत्म होना चाहिए:** अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कड़वाहट को मिटाने, विवाद और संघर्ष को समाप्त करने का आह्वान किया है. आरएसएस चीफ ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक आर्टिकल में लिखा है, 'पक्ष और विपक्ष में जो विवाद पैदा हुआ है, उसे खत्म किया जाना चाहिए. इस बीच जो कड़वाहट पैदा हुई है वह भी खत्म होनी चाहिए। समाज के प्रबुद्ध लोगों को यह देखना होगा कि विवाद पूरी तरह खत्म हो. अयोध्या की पहचान एक ऐसे नगर से हो, जहां कोई युद्ध नहीं है, यह संघर्ष से मुक्त जगह है।

## आज नए मंदिर में आएंगे रामलला, कल प्राणप्रतिष्ठा

**अयोध्या।** अभी अस्थायी मंदिर में स्थित रामलला विराजमान की मूर्ति को आज नए मंदिर में लाया जा रहा है। कल अपरांह प्राणप्रष्ठि होगी। अनुष्ठान के बीच आज रात 8 बजे बाद शुभ मुहूर्त में रामलला मंदिर में आएंगे। राम लला विराजमान करीब 28 सालों से टेंट और अस्थायी मंदिर में हैं। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि रविवार को एकादशी है और शुभ मुहूर्त में राम लला को नए मंदिर में लाया जाएगा। मंदिर परिसर का भ्रमण करवाते हुए रामलला को वहां रखा जाएगा, जहां नई मूर्ति स्थापित की गई है। इसी नई मूर्ति की सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा होगी।



## ऑस्ट्रेलिया भी लीन है राम-काज में

### तीन दिन का राम महोत्सव प्रारंभ, हेलीकॉप्टर से होगी पुष्प वर्षा

**पंकज पाठक**

**मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर मेलबर्न सहित पूरे ऑस्ट्रेलिया में आज से तीन दिन के कार्यक्रम प्रारंभ हो गए। प्राण-प्रतिष्ठा के दिन यहां के सभी मंदिरों में अयोध्या के आयोजन का लाइव टेलीकास्ट होगा। मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं का आगमन रहेगा। सभी सुविधानुसार हनुमान चालीसा, सुंदरकांड सहित अन्य पाठ और भजन करेंगे। राम-नाम भजन-संकीर्तन का भी आयोजन है।ऑस्ट्रेलिया के समयानुसार संध्या सात बजे आरती होगी, फिर भंडारा-प्रसाद होगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत आज और कल दो दिन कार रैली के नाम हैं। ख़ास दिन 22 जनवरी, सोमवार को मंदिरों में उत्सव का वातावरण होगा। मंदिरों में राम पर पुष्प वर्षा होगी, दीवाली मनेगी, ज़बर्दस्त आतिशबाजी का भी प्रबंध है। भारत के मेलबर्न स्थित कौंसुलेट जनरल ऑफिस के कौंसुल जनरल डॉ. सुशील कुमार भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। विवेकानंद सोसायटी ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया के संस्थापक अध्यक्ष योगेश भट्ट ने बताया कि चालीस से अधिक हिंदू संगठन के कार्यकर्ता इस प्रबंध में जुटे हैं। भट्ट के साथ ही विक्रांत ठाकुर, मकरंद भागवत, गीता देवी और निशा भटनागर ने सेक्टर के हिसाब से ज़िम्मेदारियाँ सौंपी हैं।

### सबसे ज्यादा मंदिर मेलबोर्न में

ऑस्ट्रेलिया के सभी भारतीयों भाषाओं के हिंदू संगठनों ने ग़ज़ब के समन्वय से कार्य किया है। ऑस्ट्रेलिया में सर्वाधिक मंदिर मेलबर्न में हैं। इनकी संख्या ढाई दर्जन से भी ज़्यादा है। देश में मंदिरों कुल संख्या लगभग 50 से भी अधिक है। मेलबर्न के अलावा सिडनी, कैनबरा, ब्रिस्बेन, एडिलेड और पर्थ आदि में भी अच्छा माहौल है। रामकाज में सक्रिय मेलबोर्न की कुछ संस्थाओं के नाम हैं–विवेकानंद सोसायटी ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया, वेदांत सेंटर, गायत्री परिवार, हिंदू स्वयंसेवक संघ, दिव्य ज्योति जागरण संस्थान, केरल हिंदू सोसायटी, हिंदू कौंसिल ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया, आईएडीएफ, नामधारी सिख्स ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया, ओवरसीज़ फ़्रेंड्स ऑफ़ बीजेपी, स्वामीनारायण, वैदिक ग्लोबल, शिशु मंदिर, एसोसिएशन ऑफ़ हरियाणवीस ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया, ब्राह्मण सभा, इंडियन यूथ एसोसिएशन, श्री रामानुज सहस्त्रबली आदि।

## पुतिन ने माइनस 22 डिग्री में बर्फीले पानी में डुबकी लगाई !



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 71 साल की उम्र में बर्फीले पानी में डुबकी लगाकर सभी को हैरान कर दिया, वह भी उस वक्त जब पारा -22 डिग्री से भी नीचे पहुंच गया था। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि रूसी राष्ट्रपति ने ठंडे पानी में डुबकी लगाकर एपिफेनी पर्व मनाया है। जिसके तहत बर्फीले पानी में डुबकी लगाने का अनुष्ठान किया जाता है। इसके लिए पूरे रूस में अधिकारियों ने स्नान स्थल स्थापित किए हैं। यहां तक कि साइबेरियाई क्षेत्रों में भी, जहां तापमान -22 से नीचे गिर गया है। हालांकि, ये स्पष्ट नहीं है कि पुतिन ने कहां डुबकी लगाई। मॉस्को टाइम्स के अनुसार, जब पेसकोव से कथित तौर पर एपिफेनी का जिक्र करते हुए पुतिन के बारे में पूछा को उन्होंने कहा, 'हां, उन्होंने परंपरा के अनुसार एपिफेनी में ऐसा किया है.' ऐसा कहा जाता है कि इस पानी में नहाने से कई बीमारियां ठीक हो जाती हैं।

### कनमडीकर का निधन

**इंदौर।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व सचिव मिलिंद कनमडीकर का निधन हो गया बताया जाता है कि ब्रेन हेमरेज की वजह से उनका देहावसान हुआ। वे पांच वर्ष तक उस वक्त सचिव रहे जब लोढ़ा समिति के कठिन वर्षों के दौरान, जब संजय जगदाले एवं ज्योतिरादित्य सिंधिया को कोर्ट ने आदेश तहत इस्तीफा देना पड़ा था, व 2017-2019 का समय बिना अध्यक्ष एवं चेयरमैन निकाला। कनमडीकर 2 वर्ष तक एमपीसीए के सह सचिव भी रहे। वे बीसीसीआई की न्यू एरिया डेवलपमेंट समिति के सदस्य रहे, जिसके कारण पूर्वोत्तर राज्यों में क्रिकेट का बढ़ावा मिला।



# गेहूं छोड़ बाकी फसलों पर ठंड-कोहरा व बारिश का कहर

**मौसम के साइड इफेक्ट** | **80 फीसद तक फसलें बरबाद**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गेहूं को छोड़ बाकी की फसलों पर ठंड, कोहरा और बारिश का कहर बरस रहा है। नरसिंहपुर, हरदा, दतिया और ग्वालियर जैसे जिलों में तो दलहनी फसलें 40 से 80 फीसद तक बर्बाद हो चुकी है। कई जिलों में किसानों ने इन फसलों को उखाड़ कर जुताई कर दी और गेहूं लगा दिया है। कई जगह रूक-रुककर बारिश हो रही है इसके कारण खेतों में जल भराव की स्थिति है और बची फसलें भी सड़ रही है। कोहरे के कारण भी फसलों को नुकसान हो रहा है। ग्वालियर के रायपुर गांव के किसानों का कहना है कि अधिक कोहरा पड़ने के कारण पत्तियों पर जम रहा है और पत्तियां खराब हो रही है। यही हाल फूल और फल का है।



**हवा से गिर रही फसलें:** ठंड के साथ ही बीते दो दिनों से प्रदेश के कई जिलों में तेज हवा चल रही है जिसकी गति 25 किलोमीटर प्रति घंटे तक है। इसके कारण हरदा, नरसिंहपुर समेत अन्य जिलों के जिन किसानों के खेतों में पानी भरा हुआ है दलदल के कारण उनकी फसलें गिर रही है। दतिया के किसान नारायण सिंह के मुताबिक मटर तो पहले ही बर्बाद हो चुकी है, मसूर की फसल से उम्मीद थी तो वह भी सड़ रही है सरसों की हालत खराब है। बस गेहूं की फसल ठीक है। नर्मदापुरम के किसान सुरेंद्र राजपूत का कहना है कि पहले फसलों से अच्छे उत्पादन की अपेक्षा थी लेकिन रह-रहकर जो बारिश हो रही है उसकी वजह से गेहूं भी पीला पड़ने लगा है, दलहनी फसलें पहले ही दम तोड़ चुकी है। इधर कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार कई जिलों में मौसम में हो रहे बदलाव के कारण रबी फसलों को फायदे से अधिक नुकसान हो रहा है। इनमें ग्वालियर, जबलपुर व हरदा जिले प्रमुख है। इन जिलों में दलहनी फसलों के साथ अफलन की स्थिति बन रही है। किसान खेतों से पानी निकाले, मेढ़ों पर धुआं करें।

**सबसे सर्द रात:** इधर मध्यप्रदेश कड़ाके की ठंड से ठिठुर रहा है। आज सुबह भोपाल, दतिया, सतना, टीकमगढ़ में शीतलहर और घना कोहरा रहा। भोपाल में हालांकि आठ बजे के आसपास धूप आ गई लेकिन तापमान सात से आठ डिग्री के बीच रहा और कंपकंपी महसूस हुई। ग्वालियर, भिंड, नर्मदापुरम, रायसेन, विदिशा और दूसरे शहरों में भी कोहरे-धुंध की वजह से विजिबिलिटी काफी कम रही। दतिया और ग्वालियर प्रदेश में सबसे ठंडे इलाके रहे। अधिकांश शहरों में न्यूनतम तापमाप दस डिग्री या उससे कम पर आ गया।

## गाजा में इजरायली हमले में चार की मौत

**गाजा।** गाजा पट्टी में जबालिया शरणार्थी शिविर के पूर्व में इजरायली गोलाबारी में चार लोगों की मौत हो गयी और 21 अन्य घायल हो गए। पीआरसीएस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, 'उत्तरी गाजा के जबालिया में पीआरसीएस मेडिकल पोस्ट पर आज जबालिया शिविर के पूर्व में इजरायली गोलाबारी के कारण चार लोगों की मौत हो गय और 21 अन्य घायल हो गए।' सात अक्टूबर, 2023 को फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने गाजा पट्टी से इज़रायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया था।

**मेट्रो एंकर**

### दिल्ली का मशहूर मोती महल व दरियागंज रेस्टॉरेंट पहुंचे अदालत...

# दाल मखनी व बटर चिकन किसका, भिड़े दो रेस्तरां

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आमतौर पर होटल में जाकर लोग बड़ी शान से बटर चिकन और दाल मखनी आर्डर करते हैं। लेकिन उन्हें नहीं पता कि इस डिश का आविष्कार किसने किया? कमाल की बात यह है कि इसे लेकर एक जंग भी छिड़ गई है और वह भी दिल्ली के दो मशहूर रेस्तराओं के बीच। यह जंग अब अदालत की चौखट तक पहुंची है। दरअसल रेस्तरां मोती महल ने इन दो विश्व प्रसिद्ध व्यंजनों का श्रेय लेने के लिए प्रसिद्ध रेस्तरां दरियागंज पर मुकदमा ठोक दिया है। खबरों के मुताबिक मोती महल के मालिकों ने अदालत में दावा किया है कि उनके दिवंगत संस्थापक शेफ कुंडललाल गुजराल ने बटर चिकन और दाल मखनी का आविष्कार किया था और दरियागंज रेस्तरां यह कहकर लोगों को गुमराह कर रहा है कि दोनों व्यंजनों का अविष्कारक वो था। वादी ने यह दावा करने के लिए दरियागंज रेस्तरां के मालिकों पर मुकदमा दायर किया कि दरियागंज रेस्तरां और मोती महल के बीच एक संबंध है, जिसकी पहली शाखा पुरानी दिल्ली के दरियागंज इलाके में खोली गई थी। मोतीमहल के मालिकों ने दरियागंज रेस्तरां के मालिकों को यह दावा करने से रोकने की मांग की है कि उनके पूर्ववर्ती स्वर्गीय कुंदन लाल जग्गी इन दो व्यंजनों के आविष्कारक थे। मांग की गई है कि दरियागंज रेस्तरां को इसकी वेबसाइट www.daryaganj.com और फेसबुक, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन और ट्विटर सहित विभिन्न सोशल मीडिया वेबसाइटों तथा प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से 'बटर चिकन और दाल मखनी के आविष्कारक' वाली टैगलाइन का उपयोग करने से रोका जाए। इस दिलचस्प मामले में न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने हाल ही में दरियागंज रेस्तरां के मालिकों को एक समन जारी किया था, इसमें रेस्तरां मालिकों से मुकदमे के जवाब में वादी के दस्तावेजों को स्वीकार या अस्वीकार करने के हलफनामे के साथ एक लिखित बयान दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 29 मई को होगी। बीते कई वर्षों से दोनों रेस्तरां दावा करते हैं कि उन्होंने बटर चिकन और दाल मखनी का आविष्कार किया है।

### दावा-सूखने से बचाने की फिक्र में बनी नई डिश



अपने मुकदमे में, मोती महल के मालिकों ने दावा किया है कि उनके रेस्तरां के संस्थापक स्वर्गीय गुजराल ने पहला तंदूरी चिकन बनाया और बाद में बटर चिकन और दाल मखनी बनाया और विभाजन के बाद इसे भारत लाए। उनका दावा है कि शुरुआती दिनों में, चिकन का जो हिस्सा बिकने से बच जाता था तो उसे रेफ्रिजरेशन में स्टोर नहीं किया जा सकता था और गुजराल को अपने पके हुए चिकन के सूखने की चिंता सताने लगी थी। वह चिकन को फिर से हाइड्रेट करने के लिए एक सॉस लेकर आए, इसी से बटर चिकन का अविष्कार हुआ। दरियागंज रेस्तरां के वकील ने इन दावों का जोरदार विरोध किया और तर्क दिया कि मुकदमा गलत, निराधार है और इसमें कार्रवाई का कोई कारण नहीं है। पेशावर में मोती महल रेस्तरां की एक तस्वीर के बारे में, प्रतिवादी के वकील ने कहा कि इसे दोनों पक्षों के पूर्व संस्थापकों (मोती महल के गुजराल और दरियागंज के जग्गी) द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित किया गया था।

# रामलला का भोग







भोपाल। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर आज 21 जनवरी को भोपाल के भवानी चौक, सोमवारा पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें रामलला को विभिन्न प्रकार की 11 क्विंटल स्वादिष्ट मिठाइयों का भोग भी लगेगा। मिठाईयां बनाने का काम जोरों पर चल है। - फोटो : निर्मल व्यास

### नकल रोकने के लिए एमपी बोर्ड ने किए इस बार पुख्ता इंतजाम

## प्रवेश पत्र पर रहेगा क्यूआर कोड, एप से होगी परीक्षा की ऑनलाइन निगरानी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) की दसवीं-बारहवीं की परीक्षा में इस बार परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र में क्यूआर कोड रहेगा। यह क्यूआर कोड स्कैन करते ही विद्यार्थियों के नाम सहित पूरी जानकारी सामने आएगी। ऐसे में फर्जी परीक्षार्थियों केंद्रो में प्रवेश नहीं कर पाएंगे।**

परीक्षा की निगरानी ऑनलाइन की जाएगी। इसके लिए एक विशेष एप भी तैयार किया गया है। वहीं इस बार सभी परीक्षा केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। जिन्हे मुख्यालय से जोड़ा गया है।

उल्लेखनीय है कि इस बार लोकसभा चुनाव के चलते 10वीं एमपी बोर्ड की परीक्षाएं 5 फरवरी से शुरू होंगी और 28 फरवरी 2024 तक चलेंगी। बारहवीं की परीक्षा 6 फरवरी से शुरू होगी और 5 मार्च 2024 तक चलेगी। सभी पेपर सुबह 9 से दोपहर 12 बजे के बीच होंगे। दसवीं की परीक्षा के पहले दिन हिंदी का पेपर और आखिरी दिन एनक्यूएसएफ और एआई के पेपर होंगे। बारहवीं की परीक्षा के पहले दिन हिंदी का पेपर और आखिरी दिन छात्र उर्दू और मराठी के पेपर रहेगा। प्रदेश भर में करीब 3852 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा होगी। दोनों परीक्षाओं में इस साल करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। इसमें बड़े शहरों में अधिकांश केंद्र निजी स्कूलों में बनाए गए हैं।

### हर केंद्र पर सीसीटीवी



### उत्तर पुस्तिकाओं में बार कोड

मंडल सूत्रों के अनुसार, उत्तर पुस्तिकाओं में हेरफेर से बचने के लिए सभी विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं में बार कोड होंगे। परीक्षा केंद्र पर एप से क्यूआर कोड स्कैन करके विद्यार्थियों की पूरी जानकारी जांची जाएगी।

## घर के बाहर खड़े ई-रिक्शे के कांच फोड़कर भागे बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गौतम नगर थानांतर्गत जेपी नगर में घरों के बाहर खड़े 2 ई-रिक्शे के कांच फोड़फकर बदमाश भाग निकले। पुलिस ने गाली-गलौज और तोड़फोड़ का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुख्तार अली (45) जेपी नगर में रहते हैं और पेंटर का काम करते हैं।

इसके अलावा वह अपना ई-रिक्शा भी चलाते हैं। गुरुवार रात को उन्होंने अपना रिक्शा घर के बाहर खड़ा किया अंदर चले गए। रात को ऊपर वाले कमरे में जाकर सो गए। शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे उनके घर के बाहर गाली-गलौज की आवाज आने पर उन्होंने नीचे झांककर देखा तो दो लड़के बाइक लेकर खड़े थे। लड़कों की नजर पड़ी तो उन्होंने मुख्तार के साथ गाली-गलौज की और घर के बाहर खड़े उनके रिक्शे का कांच फोड़ दिया। मुख्तार ने चिल्लाते हुए नीचे उतरकर उनका पीछा किया तो दोनों लड़के बाइक स्टार्ट पर भागने लगे। आग जाकर उन्होंने मोहल्ले में रहने वाले मोहम्मद लईक के ई-रिक्शे का कांच फोड़ा और भाग गए। दोनों रिक्शों में करीब 11 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। तोड़फोड़ करने वालों की पहचान कर ली गई है।

### कलेक्टर ने जारी किए आदेश, 31 जनवरी तक होगा लागू

## सुबह 10 बजे से पहले संचालित नहीं होंगे स्कूल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



फाइल फोटो

जिला प्रशासन ने शीतलहर एवं प्रतिकूल मौसम को ध्यान में रखते हुए स्कूलों का समय में बढ़ोत्तरी को लेकर नए आदेश जारी किए हैं। अब सभी स्कूल 31 जनवरी तक सुबह 10 बजे से पूर्व संचालित नहीं होंगे। पूर्व में 20 जनवरी तक के लिए यह आदेश जारी किए गए थे। दो पालियों में संचालित होने वाले सरकारी व निजी स्कूल भी सुबह 10 बजे से ही संचालित किए जाएंगे। ऐसे सरकारी स्कूल जो सुबह 10.30 बजे से संचालित होते हैं, वे यथावत निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार संचालित होंगे। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने भोपाल जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय विद्यालयों को लेकर आदेश जारी किए हैं कि स्कूल सुबह 10:00 बजे से पूर्व संचालित नही किये जाएंगे। कक्षा 6वीं से 12वीं तक की कक्षाओं की पूर्व निर्धारित परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय सारणी अनुसार होगा। यह आदेश 31 जनवरी 2024 तक तत्काल प्रभावशील होगा।

### बीआरटीएस ध्वस्त



भोपाल का BRTS शनिवार रात से हटना शुरू हो गया है। रात साढ़े 11 बजे से बीआरटीएस को हटाने का काम शुरू हुआ। पीडब्ल्यूडी ने लालघाटी से बैरागढ़ के बीच के बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने की शुरुआत की।

### रोग निवारण शिविर में अनुभव सत्र का आयोजन

## 'रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है प्राकृतिक चिकित्सा'

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र में रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर÷ में अनुभव सत्र का आयोजन किया गया। प्राकृतिक चिकित्सा के साधकों को सिद्धभाऊ को भी सुनने का मौका मिला। शिविर में देश के कई हिस्सों से आए साधकों ने अपने अनुभव भी साझा किए। सत्र में चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ गुलाब राय टेवानी ने बताया कि यह 110 वां शिविर है। उन्होंने विशेषज्ञ धरती बेन का आभार व्यक्त किया। सिद्ध भाऊजी ने कहा कि अनुशासित दिनचर्या एवं खान पान से बीमारियों से बचा जा सकता है। बीमारियों का मुख्य कारण पका हुआ भोजन व जंक फूड है। आजकल तो रिफाइंड तेल का चलन आ गया है। रिफाइंड तेल में समस्त पौष्टिक तत्वों को समाप्त कर देते है। सबसे अच्छा मूंगफली का होता है।जिसको अपनाकर आप स्वस्थ रह सकते है। फल सब्जियों में फर्टिलाइजर का उपयोग भी



हानिकारक होता है। उन्होंने कहा कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की कला केवल नेचरोपैथी से ही मिलती है। नियमित रूप से योग और प्राणायाम करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती रहेगी। संतनगर में चलाए जा रहे प्राकृतिक चिकित्सा गर्ल्स महाविद्यालय की जानकारी भी सिद्धभाऊजी ने रखी। शिविर में शामिल हुए साधकों ने शिविर के दौरान स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों में राहत मिलने की बात कही। कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में डॉ. लता टेवानी जी ने आभार व्यक्त कर अनुभव सत्र एवं कैम्प का समापन किया। आगामी 6 दिवसीय शिविर 22 जनवरी से 27जनवरी 2024 को आयोजित किया जाएगा।

### हेमू कालाणी को याद किया बच्चों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने

कला लक्ष्मनदास वेंसीमल गनवानी फ़ाउंडेशन स्कूल एवं केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल करोंद में शहीद हेमू कालानी का स्मरण किया गया। 21 जनवरी को अवकाश होने से शहीद दिवस पर बच्चों- शिक्षक-शिक्षिकाओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। विद्यालय की प्राचार्या सुमन विश्वकर्मा ने शहीद हेमू कालाणी के जीवन और शहादत पर प्रकाश डाला।

## बच्चों व किशोरों के लिए बीएमएचआरसी में शुरू हुआ चाइल्ड गाइडेंस क्लिनिक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मानसिक, भावनात्मक, व्यवहारात्मक और किशोरावस्था से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे बच्चों व किशोरों को अब चाइल्ड गाइडेंस क्लिनिक मदद करेगा। यह चाइल्ड गाइडेंस क्लिनिक भोपाल मेमोरियल हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) में शनिवार से शुरू किया गया है।

बीएमएचआरसी के मनोचिकित्सा विभाग में बच्चों से फीता कटवाकर इसका शुभारंभ बीएमएचआरसी प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कराया। यह चाइल्ड गाइडेंस क्लिनिक को बच्चों के अनुकूल बनाया गया है। रंगो का ध्यान रखते हुए दीवारों पर बच्चों के लिए रोचक पेंटिंग बनाई गई हैं। यहां बच्चों के लिए कई प्रकार के खिलौने होने के साथ उन्हे सकारात्मक रखने के लिए कई महान और प्रेरक व्यक्तियों के फोटो भी लगाए गए हैं।

**सुबह 9 बजे से 1 बजे तक मिलेगा परामर्श :** इस क्लिनिक में बीएमएचआरसी की मनोचिकित्सा विभाग में सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्योत्सना जैन प्रत्येक शनिवार को सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को परामर्श देंगी। डॉ. ज्योत्सना जैन ने बताया कि बच्चों में कई बार विभिन्न वजहों से बच्चों के दिमाग का विकास नहीं हो पाता। कई बच्चे व किशोर विभिन्न पारिवारिक व भावनात्मक मुद्दों से जूझ रहे होते हैं। पहले के मुकाबले अब बच्चों में डिप्रेशन और व्यग्रता ज्यादा देखने को भी मिल रही है। कोरोना महामारी के बाद इंटरनेट यूज डिसआर्डर, गेमिंग डिसआर्डर के मामले भी बढ़ रहे हैं। ऐसे में चाइल्ड गाइडेंस क्लिनिक बच्चों के लिए मददगार साबित होगा।

**मेट्रो एंकर** | संतनगर में 11 हजार लोगों ने किया हनुमान चालीसा पाठ, धन्य है वह लाल, जो रामलला के बलिदान हो गए: रामेश्वर

# राम मंदिर का बनना अखंड भारत की दिशा में एक बड़ा कदम: यादव

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम नगर में श्रीराम उत्सव की शुरूआत सामूहिक हनुमान चालीसा के साथ हुई। हजारों बच्चों, संतनगर वासियों के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रामभक्त हनुमान की वंदना की।

शनिवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने हेमू कालानी स्टेडियम में प्रदेश का सबसे बड़ा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन कराया। इसमें 11 हजार रामभक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। चालीसा पाठ से पहले मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व विधायक ने शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की, जिसके बाद चालीसा पाठ शुरू हुआ।

■ **वर्षों के संघर्ष के बाद राम मंदिर की शुभ घड़ी आई : शुक्ल**



**नया इतिहास बनेगा :** मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर के लिए कई जन्मों के बाद प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। हम सभी सौभाग्यशाली हैंए ये शुभ घड़ी सामने आई है। आने वाली 22 जनवरी को सुशासन और रामराज का नया इतिहास बनेगा। नये दौर का नया भारत बनेगा। अयोध्या में मंदिर का बनना अखंड भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। भारतवासी आज समृद्धशाली अतीत को याद कर रहे हैं।

### भगवा पहनकर चालीसा की

**नवयुवक** सभा के डीडी प्ले स्कूल में बच्चों ने रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर हनुमान चालीसा का पाठ किया। सभी बच्चे भगवा रंग के कुर्ता-पजामा पहनकर पाठ में शामिल हुए। स्कूल की प्राचार्य ज्योति चौहान एवं संस्था के संरक्षक वासदेव वाधवानी व अन्य लोग मौजूद रहे।

**भजन कार्यक्रम हुआ :** साधु वासवानी (स्वशासी) महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा भजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी प्राध्यापकगण, ऑफिस स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा एवं आरती के साथ हुआ।

### आस्था और प्रबल हुई

उप.मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि वर्षों के संघर्ष के बाद यह शुभ घड़ी आई है जब हम अपने रामलला को भव्य मंदिर में विराजमान होते देख रहे हैं। चालीसा पाठ के आयोजन ने रामभक्तों की आस्था को और प्रबल किया है। जिस तरह उत्तर प्रदेश में योगी और असम में हेमंत विस्वा सरमा हिन्दुओं की प्रखर आवाज हैं, उसी तरह मध्यप्रदेश में रामेश्वर शर्मा।

### बलिदान काम आया

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि धन्य हैं वो लोग जिन्होंने रामलला के लिए तन, मन, धन और प्राण समर्पित कर दिए। जिनके बलिदानों की कीमत पर आज हमने रामलला का भव्य मंदिर पाया है। मैं स्वयं कार सेवा के लिए गया। उस समय पर भी मेरा यही विचार था कि यदि रामलला के काम न आए तो बेकार जिंदगानी है मेरा आज भी यही विचार है।


पांच सौ वर्ष पुराना स्वप्न हुआ साकार
प्रभु श्रीराम के स्वागत में सज गये वंदनवार
अयोध्या में श्रीराम मंदिर
प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर
प्रभु श्रीराम के स्वागत में
राममय हुआ मध्यप्रदेश
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
श्रीराम राजा मंदिर ओरछा में
विशेष आयोजन
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
की गरिमामयी उपस्थिति में
22 जनवरी 2024 - दोपहर 12:00 बजे - ओरछा, मध्यप्रदेश
ओरछा के श्रीराम राजा मंदिर परिसर में मध्यप्रदेश कर रहा है
भव्य श्रीराम राजा लोक के विकास का पुनीत कार्य
"पांच सौ साल के संघर्ष के बाद भगवान श्रीराम अयोध्या में अपनी जन्मभूमि पर बन रहे मंदिर में पुनः विराजमान हो रहे हैं। यह अवसर संपूर्ण सनातनियों के लिए गौरव का पल और आध्यात्मिक रूप से आत्मविभोर होने का क्षण है। इस पावन प्रतिष्ठा पूर्ण अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं"
- डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
D-11175/23
आइए, इस शुभ बेला का उत्सव मनायें, हर घर दीप जलायें
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन
आकल्पन: म.प्र. माध्यम/2024






# मंदिरों से भारत में आर्थिक क्रांति के लिए नए रास्ते



■ आलोक मेहता

वाराणसी के काशी विश्वनाथ परिसर , उज्जैन के महाकाल परिसर और अब अयोध्या के श्रीराम मंदिर तथा परिसर के भव्य आकर्षक बदलाव पर प्रसन्नता और गौरव के साथ एक सवाल यह उठ रहा है कि इन योजनाओं के कार्यान्वयन से कितने लोगों को रोजगार मिलेगा या इलाके के लोगों का आर्थिक जीवन कैसे बदलेगा? इसी तरह क्या अन्य प्रदेशों के धार्मिक स्थानों में भी पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोतरी से कोई लाभ हो रहा है? सबसे पहले अयोध्या की बात की जाए। भव्य राम मंदिर व रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद यहां की अर्थव्यवस्था में भी क्रांतिकारी बदलाव आएगा। एक अनुमान के मुताबिक अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद हर माह दो करोड़ पर्यटक/ श्रद्धालु आएंगे। हर पर्यटक यहां कम से दो-ढ़ाई हजार रुपये भी खर्च करेगा तो इससे सालाना 55 हजार करोड़ की आय होगी।

भव्य राम मंदिर निर्माण से अयोध्या समेत आस-पास के लगभग छह जिलों का आर्थिक परिदृश्य बदलेगा। इससे होटल, टैक्सी, रेस्टोरेंट, हस्तशिल्प, वस्त्र विक्रताओं आदि व्यवसाय में लगे कारोबारियों की आय व रोजगार बढ़ेगा। पर्यटन विभाग अयोध्या में 588 करोड़ व धर्मार्थ कार्य विभाग 936 कुल 1524 करोड़ से मूलभूत सुविधाओं, विकास, कुंड-मठ, मंदिर का जीणोर्द्धार आदि का काम करा रहे हैं। इसमें पर्यटकों व श्रद्धालुओं को केंद्र में रखा गया है।आतिथ्य, यात्रा और पर्यटन उद्योग ने अयोध्या के राम मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह से पहले 20,000 नौकरियां पैदा की हैं। लाखों की संख्या में भक्तों की दैनिक आमद की आशा करते हुए, उद्योग के विशेषज्ञ आगामी महीनों में नौकरी के अवसरों में निरंतर वृद्धि की उम्मीद करते हैं।

राम मंदिर अयोध्या को एक वैश्विक पर्यटन केंद्र में बदल देगा और उम्मीद है कि रोजाना 3-4 लाख पर्यटक आएंगे। पर्यटकों के आगमन में वृद्धि से आवास और यात्रा सेवाओं की मांग में वृद्धि हुई है, जिससे अयोध्या के आतिथ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। अनुमान है कि 20,000-25,000 स्थायी और अस्थायी नौकरियाँ पैदा होंगी, जिनकी संख्या सालाना बढ़ने का अनुमान है।पिछले छह महीनों में, होटल स्टाफ, रसोइया, सर्वर और ड्राइवर सहित आतिथ्य, यात्रा और पर्यटन से संबंधित विभिन्न भूमिकाओं में लगभग 10,000 से 20,000 पद सृजित हुए हैं ।, आतिथ्य क्षेत्र के कई अधिकारी आतिथ्य प्रबंधकों, रेस्तरां और होटल कर्मचारियों, लॉजिस्टिक्स प्रबंधकों और ड्राइवरों जैसी भूमिकाओं में हजारों अतिरिक्त नौकरियों की उम्मीद कर रहे हैं।

यह मांग केवल अयोध्या तक ही सीमित नहीं है, बल्कि लखनऊ, कानपुर और गोरखपुर जैसे पड़ोसी शहरों तक भी बढ़ने की उम्मीद है।अनुमान है कि प्राण प्रतिष्ठा के दो से तीन सालों में यहां रोजाना तीन लाख पर्यटक व श्रद्धालु पहुंचेंगे। इस हिसाब से इस दौरान लगभग 20 करोड़ लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। काशी विश्वनाथ की तरह अयोध्या देश में सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था का दूसरा मॉडल बनने जा रहा है। टूरिज्म बढ़ने के साथ ही अयोध्या में टैवल, हॉस्पिटैलिटी और लॉजिस्टिक्स बिजनेस में कई गुना वृद्धि हुई है । बड़ी होटल कंपनियां अयोध्या में अपनी शाखाएं खोलने जा रही हैं। इनमें ताज, मैरियट, जिंजर, ओबेरॉय, ट्राइडेंट और रेडिसन शामिल हैं। इसके अलावा एक और बिजनेस अयोध्या में परवान चढ़ रहा है। यह होम स्टे का बिजनेस है । इस बिजनेस से अयोध्या के हजारों परिवारों को रोजगार मिलने वाला है।

अयोध्या में बड़ी संख्या में लोगों ने होम स्टे खोलने के लिए आवेदन दिया है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, पिछले एक साल में 600 घरों ने होम स्टे प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया । इनमें से 464 को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है और उन्होंने परिचालन शुरू कर दिया है। यूपी सरकार स्थानीय लोगों को अपने घरों में होम स्टे खोलने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, ताकि उन्हें आजीविका प्रदान की जा सके। सरकार ने होम स्टे को ÷गैर-व्यावसायिक उद्यम÷ के रूप में चिन्हित किया है। इससे होम स्टे को किसी भी वाणिज्यिक कर का भुगतान करने से छूट मिलती है। सरकार की इस पहल से बड़ी संख्या में लोग होम स्टे खोलने को प्रेरित हो रहे हैं। होम स्टे अगले साल तक कम से कम 1000 होम स्टे तैयार करने का लक्ष्य दिया गया है। इसका उद्देश्य शहर की प्रति व्यक्ति आय में इजाफा करना है। अयोध्या में कोई बड़ी इंडस्ट्री या कारखाने नहीं हैं, इसलिए यह आय का एक अच्छा स्रोत साबित होगा। मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या में प्रतिदिन करीब 1,00,000 तक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है।2-5 कमरों के साथ लोग अपने घरों में होमस्टे खोल सकते हैं। वे एक कमरे के लिए 1,500 से 2,500 रुपये प्रतिदिन का शुल्क ले सकते हैं। इससे पहले वाराणसी और उज्जैन में यह योजना बहुत सफल हुई है और निम्न मध्यम आय वर्ग के परिवारों की आमदनी में अच्छी खासी वृद्धि हुई है । के अलावा अयोध्या के आसपास के गांवों में ÷ग्राम पर्यटन÷ को बढ़ावा देने के लिए कच्चा या मिट्टी के घरों को लाने की भी योजना है। अब तक 18 लोगों ने इसके लिए आवेदन किया है, जिसमें से 2-3 को प्रमाणपत्र दिए गए हैं। होम स्टे से लोकल फूड को भी बढ़ावा मिलेगा। रामनगरी देश ही नहीं, दुनिया के लिए भी सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था का नया मॉडल बनेगी। पर्यटन विभाग का अनुमान है कि प्राण प्रतिष्ठा के दो से तीन सालों में यहां रोजाना तीन लाख पर्यटक व श्रद्धालु पहुंचेंगे। इस हिसाब से इस दौरान लगभग 20 करोड़ लोगों के पहुंचने की उम्मीद है।

बनारस विश्व विद्यालय से संबद्ध अर्थशास्त्र के प्रोफेसर व उनकी टीम ने पर्यटन विभाग के आंकड़ों के आधार पर जो आर्थिक सर्वे तैयार किया है, उसके हिसाब से हर पर्यटक औसतन तीन हजार रुपये खर्च करता है। यानी 20 करोड़ पर्यटक कुल मिलाकर छह लाख करोड़ रुपये खर्च करेंगे। यह रकम भारतीय रेलवे के 2022-23 के वार्षिक बजट से आठ गुना अधिक ( ।3.6।1 करोड़ रुपये ) और मनरेगा को 5 साल से अधिक समय तक वित्तपोषित करने के लिए पर्याप्त है। सरकार राममंदिर निर्माण से लेकर पूरी अयोध्या को नव्य, भव्य व दिव्य बनाने के लिए सरकार 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रही है।तीन साल में छह लाख करोड़ रुपये के निवेश से अधिक स्थानीय रोजगार पैदा होंगे। वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय वस्तुओं एवं दक्ष और कुशल दोनों श्रम को रोजगार के अवसर मिलेंगे। निवेश के मध्यम प्रवाह को भी मानें, तो आगामी तीन वर्षों में अयोध्या और आसपास के क्षेत्रों में पांच से 10 लाख का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हो सकता है। इसके साथ ही विदेशी पर्यटकों के आने से विदेशी मुद्रा का भी सृजन होगा। हम कह सकते हैं कि भारत ने दुनिया को अलग सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था का मॉडल तैयार करके दिखा दिया है।

देश की आध्यात्मिक चेतना का केंद्र काशी विश्वनाथ परिसर अब आर्थिक विकास की धुरी बन गया है। दो वर्ष पहले दिसंबर 2021 में जब काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का उद्घाटन किया गया। उस समय तक करीब 69 लाख लोगों ने काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। वहीं, अगले साल यह संख्या 13 करोड़ पार चली गई है। इस तरह से इस दो वर्ष के भीतर यहां श्रद्धालुओं की आवक में 20 गुना बढ़ोतरी हुई है। दिलचस्प बात यह है कि देश में सबसे बड़ा पर्यटक स्थल गोवा बड़े अंतर से पीछे छूट गया है। गोवा जाने वाले पर्यटकों की कुल संख्या करीब 1 करोड़ तक ही पहुंच पाई है। लोगों के लिए रोजगार और व्यापार के अवसर भी बढ़े हैं। पर्यटन व आतिथ्य क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की आय 65 फीसदी तक बढ़ी है। वहीं, इस क्षेत्र में रोजगार में भी 34.18 फीसदी की वृद्धि हुई है। 2021 से पहले काशी विश्वनाथ मंदिर एक 3 हजार वर्ग फीट के मध्यम आकार के सामान्य घर जितने क्षेत्र में फैला था। अब 5 लाख वर्ग फीट में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की दिव्यता और भव्यता सहज ही मंत्रमुग्ध कर देती है।

हाल के वर्षों में वाराणसी में पर्यटकों की रिकॉर्ड तोड़ इजाफा देखने को मिला । काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और केंद्र द्वारा धार्मिक पर्यटन को दिए गए नए प्रोत्साहन को दिया जा सकता है ।प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में भी बताया था कि पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रभाव जीवन और आजीविका दोनों पर देखने को मिल रहा है । कहा गया है कि वाराणसी की पर्यटन-संबंधी आय में 20-65 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि इस क्षेत्र में रोजगार में 34.2 फीसदी की वृद्धि हुई है । यह केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के तथ्य से जुड़ा है, जो भारत में 60 फीसदी से अधिक पर्यटन को धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन श्रेणी में रखता है । आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि भारत में पूजा स्थलों के आसपास की इकोनॉमी में 2022 में करीब 1.3 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई, जो 2021 में 65,0।0 करोड़ रुपये थी । जहां वाराणसी पर्यटकों की संख्या के मामले में सबसे आगे है, वहीं अयोध्या, मथुरा और उज्जैन जैसे अन्य मंदिर शहर भी



पीछे नहीं हैं । यदि देश के प्रमुख धार्मिक पर्यटन के प्रमुख केंद्रों की बात की जाए तो अयोध्या , वाराणसी , उज्जैन , मथुरा के अलावा तिरुपति , जगन्नाथ पुरी , रामेश्वरम , गुरुयावूर , मदुरै , जम्मू , अमृतसर , हरिद्वार , बद्रीनाथ , केदारनाथ , रामेश्वरम , सोमनाथ , द्वारका , पुष्कर - अजमेर , नाथद्वारा में परिवहन , होटल , स्थानीय सामान के बाजार आदि से करोड़ों रुपयों की आमदनी और दैनंदिन काम करने वालों को रोजगार मिल रहा है । रेल तथा वायु सेवा में निरंतर सुधार और बढ़ोतरी से भी नौकरियां मिल रही है ।

धार्मिक पर्यटन के मामले में पर्यटन मंत्रालय के आंकड़े महत्वपूर्ण हैं ।साल 2022 में मंदिरों से कुल कमाई 1.34 लाख करोड़ हुई. जो 2021 में 65 हजार लाख के आसपास थी । इससे एक साल पहले यानी साल 2020 में 50,136 करोड़, 2019 में 2,11,661 करोड़ और 2018 में 1,94,881 करोड़ की कमाई हुई थी । यानी तीर्थ स्थल से कमाई का आंकड़ा दोगुना रफ्तार में आगे बढ़ा है ।। बीते कुछ सालों में धार्मिक पर्यटन पर जोर देने के लिए सरकार द्वारा कई प्रयास किए जा रहे हैं । इनमें सबसे प्रमुख कार्य बुनियादी ढांचे के निर्माण से जुड़ा हुआ है । बीते कुछ सालों में सरकार ने तीर्थ स्थानों तक पहुंचने के लिए रोडवेज, सड़क और एयरपोर्ट का निर्माण किया है । ताकि वहां पहुंचने की इच्छा रखने वाले पर्यटकों को ज्यादा मुश्किलों का सामना न करना पड़े । इसके अलावा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार कई योजनाएं चला रही है। जैसे पर्यटन मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही प्रसाद योजना । इस योजना के तहत प्रमुख तीर्थ स्थानों में इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है ।

# क्या भव्यता और स्वच्छता को कायम रख पाएंगे हम?

■ स्मृति जोशी

श्री राम, जय श्री राम, प्रभु श्री राम.... जाने कितने कितने नाम... हर नाम के साथ मन को मिलती है शांति और आराम....22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम की शुभ प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान होने जा रहा है। करोड़ों-अरबों की लागत से अयोध्या नगरी की काया पलट कर दी गई है। दूर-दूर से लोग चले आ रहे हैं। देश-विदेश के मीडियाकर्मी वहीं डेरा डाले हैं। आम श्रद्धालु जनता से लेकर साधु-संत, नेता-अभिनेता, उद्योगपति, इंजीनियर, वास्तुविद, ज्योतिषाचार्य हर वर्ग से हर उम्र के लोग बस अयोध्या की तरफ ही रुख कर रहे हैं। यह वाकई अद्भुत क्षण है, होना भी चाहिए, लेकिन श्री राम मंदिर के नाम पर एक तरफ मंदिर की प्रतिकृति बेचने की होड़ लगी है। वहीं सोशल मीडिया पर चमत्कार की भरमार है। कहीं गिद्ध आ रहे हैं, कहीं वानर दौड़े चले जा रहे हैं कहीं नाग देवता अवतरित हो रहे हैं, तो कहीं सीधे पुष्पक विमान ही देखे जाने के वीडियो और खबरें परोसी जा रही हैं। राम जी के भजन सुनने-सुनाने के साथ काव्य और गद्य रचने की भी प्रतिस्पर्धा चल पड़ी है। विरोध और विपक्ष के अपने खेल और बयान जारी है।मन श्री राम की सादगी के पाठ याद करता है और सोचता है 2024 तक आते-आते हम क्या हो गए हैं और अपने आराध्य के साथ हम किस सीमा तक जा रहे हैं। लाइक, कमेंट और शेयर की दुहाई अब डराने और भक्ति की परीक्षा लेने पर भी उतर आई है। यहां तक कि प्रतिकृति लाने से ही खुशखबरी मिलने के विज्ञापन भी मार्केट में आ गए हैं। यकीनन 22 जनवरी का दिन आस्था और भक्ति का विलक्षण संगम है। कुछ साल पहले अयोध्या प्रवास के दौरान सरयू नदी का मीठा छल छल करता जल जब अंजुरी में लिया था तो आंख के आंसू उस जल में मिल गए थे।

भक्ति के अतिरेक में हमने भी प्रभु श्री राम और माता सीता के दर्शन उस जल में किए थे। मगर हम फिर भी होश में थे जबकि आज सोशल मीडिया हर परिधि को लांघ रहा है। एक तरफ सजी धजी अयोध्या नगरी और दूसरी तरफ भक्ति से सराबोर लोगों की भीड़ के वीडियो देख कर बार बार सवाल यही आता है कि क्या यह सब यूं ही कायम रह पाएगा।महाकाल लोक की दशा देखने के बाद इस सवाल को और अधिक बल मिला है कि आप सुंदरता तो थोप सकते हैं लेकिन स्वच्छता तो आदत और व्यवहार से लानी होती है। इतने बड़े जनसमुदाय के साथ स्वच्छता और रखरखाव के दायित्वों को बखूबी निभा पाना क्या आसान होगा? क्या वहां के निर्वासित जन का असंतोष न सुनने से वह भीतर ही भीतर पनप तो नहीं रहा होगा। अयोध्या का युवा, अयोध्या का छोटा-बड़ा व्यापारी वर्ग, अयोध्या के संतों के भीतर चल रही उद्विग्नता को अनदेखा करना कहीं भारी तो नहीं पड़ेगा? आम जनता तो मासूम होती है, भोली होती है, डरती भी है और धर्म, आस्था व भक्ति को अपनी परेशानियों से ऊपर रखती है।

जब जब खुद के रोटी-रोजगार का प्रश्न उठेगा वह पहले अपनी धरती के गौरव गान को सुनकर देखकर मुग्ध होगी। देश भर के रोमांच और चमत्कार में शामिल हो जाएगी लेकिन कब तक? भीड़ बढ़ेगी तो हर दिन समस्या भी बदलेगी मन तो राममय है, तन भी भगवा है, धन भी आ रहा है पर जो नहीं है वह कैसे भूल जाए। भीड़ में शामिल हो जाए या भीड़ से भाग जाए। अयोध्या के स्थानीय निवासी कहां है? कौन हैं? क्या सोच रहे हैं? कैसे निपट रहे हैं? उन्हें कब सुना जाएगा? उन्हें कौन देखेगा? क्या उनके घर और जमीन के बदले मिला मुआवजा उनके मन को खुश कर पा रहा है? रामराज्य की स्थापना 'लोक' को भूलकर कैसे होगी? श्री राम के जयकारे में शामिल होकर भी कुछ अनचाहे सवाल टकराते हैं। ढेर सारे सवालों के बीच बड़ा सवाल फिर यही कि क्या इस भव्यता और स्वच्छता को लम्बे समय तक कायम रख पाएंगे हम? - **साभार**

# अब कुंडली से कैरियर की दिशा का भी मिलान

■ कीर्तिशेखर

आजकल ज्योतिषियों के पास लोग, खासकर युवा, अपने अच्छे दिनों का भविष्य जानने ही नहीं बल्कि अच्छे कैरियर और अच्छी नौकरी का भविष्य जानने के लिए भी बड़े पैमाने पर आ रहे हैं। यह अकेले राजधानी दिल्ली का किस्सा नहीं है। देश में हर जगह बड़े पैमाने पर इन दिनों कैरियर और नौकरी की तलाश कर रहे नौजवान ज्योतिषविदों के पास जा रहे हैं और उनसे अपने बेहतर कैरियर के बारे में ज्योतिषीय सलाह या काउंसलिंग ले रहे हैं। अगर आप कैरियर काउंसलर की तरह सलाह देने का काम करने वाले ज्योतिषियों से पूछें कि आखिर उनकी सलाह किस तरह से मददगार है, तो वे गंभीरता से कहते हैं कि ज्योतिष में कैरियर की सफलता का अनुमान ठोस तरीके से लगाना संभव है। जन्म कुंडली में कई कारकों का विश्लेषण किया जाता है। इसमें दसवां घर कैरियर और पेशे का प्राथमिक घर माना जाता है। इसके अलावा दूसरा, छठवां और ग्यारहवां घर भी लोगों के कैरियर के सफर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी तरह कुंडली के दशम भाव को नौकरी और कैरियर से जोड़कर देखा जाता है। जबकि छठे भाव में यह पता चलता है कि जातक नौकरी करेगा या अपने



कारोबार में सफल होगा।इन ज्योतिषविदों के मुताबिक वे पारंपरिक काउंसलर नहीं हैं, वे सिर्फ किसी की कुंडली देखकर यह बताते हैं कि उनके लिए ज्यादा झुकाव वाले क्षेत्र कौन से होंगे यानी वे अपनी रोजमर्रा के जीवन जीने के ढंग में क्या फेरबदल करें कि वह अपनी कैरियर की तरफ सही रफ्तार और दिशा में आगे बढ़ सकें। इन काउंसलरों का मानना है कि भाग्य में जो कुछ लिखा होता है वह अटल नहीं होता। उसमें बहुत कुछ लगन और लगातार अटूट परिश्रम की भी भूमिका होती है। अगर कुंडली में कैरियर की स्थितियां कमजोर हैं तो भी आप प्रयास से इस स्थिति को पलट सकते हैं। खासकर कुंडली में जब दशम और छठे भाव के स्वामी अच्छी स्थिति में होकर योग बनाते हैं तो इनके लिए कैरियर में सफलता का प्रबल योग होता है। वह चाहे नौकरी करे या कारोबार।

**मतलब सिर्फ नौकरी से नहीं:** कहने का मतलब यह कि अगर किसी के भाग्य में या कुंडली में कैरियर का मजबूत योग है तो उसका मतलब सिर्फ नौकरी से नहीं है। बल्कि जीवनयापन की आप जो भी राह चुनेंगे, उसमें हर हाल में सफलता हासिल करेंगे। ये ज्योतिषविद यह भी कहते हैं कि वैदिक ज्योतिष में कुछ सामान्य मापदंड होते हैं, जिनका इस्तेमाल कैरियर से जुड़ी भावनाओं को टटोलने में किया जाता है। इनमें विषय से जुड़े भाव और सहायक भाव कई तरह के ग्रह/दशा/महादशा/अंतर्दशा व गोचर के सम्मिलित संयोग और साझे प्रभाव से संचालित होते हैं। मतलब यह कि किसी की कुंडली में अगर कैरियर का मजबूत योग है, लेकिन वह शख्स कैरियर बनाने के लिए जरूरी मेहनत व प्रयास नहीं करता, तो जरूरी नहीं उसका कैरियर बेहतर हो ही। संभावनाएं परिणाम में तब बदलती है, जब आप उस दिशा में काम करते हैं।

## राशि और सहायक ग्रहों के संयोग का महत्व

कैरियर चुनने में जातक की राशि और सहायक ग्रहों के संयोग भी महत्वपूर्ण होते हैं। अगर दशम वर्ग कुंडली या मंडल क्षेत्र आपके लिए कुछ निश्चित कार्यक्षेत्रों को अनुकूल दर्शाता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप बिना ट्रेनिंग लिए या बिना भरपूर प्रैक्टिस या मेहनत के बिना के उन क्षेत्रों में सफल हो ही जाएंगे। कुंडली और आपकी ग्रह दशा एक इशाराभर करती है कि ये आपके लिए सहज क्षेत्र होगा। इन आधुनिक कैरियर सलाहकारों के मुताबिक, भले कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के जरिये कोई ज्योतिषविद आपके भविष्य को आनन-फानन में बता दे, लेकिन उसकी बतायी हुई बात को सौ फीसदी सही होना कभी न समझें। वह तब सही होगी, जब आप उसके सही होने के लिए जरूरी मेहनत करेंगे। आधुनिक ज्योतिषविद कैरियर काउंसलरों के मुताबिक, इससे यह भी तय होता है कि अगर आपकी किस्मत या भाग्य में कोई चीज नहीं भी है, उसे भी आप अपनी मेहनत, लगन से हासिल कर सकते हैं। बहरहाल 2024 को कैरियर के लिहाज से मेष राशि के लोगों के लिए बेहतर माना गया है। इस राशि के लोग नये साल में अपनी प्रोडक्टविटी बढ़ाने के लिए अगर कोई अतिरिक्त स्किल सीखते हैं तो यह उनके जीवन में आमूलचूल परिवर्तन कर सकती है।- **साभार**



# प्रभु श्रीराम ने खाएं माता शबरी के जूठे बेर, शबरी कथा का अद्भुत मंचन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पूर्व जिले में श्रीरामकथा के विशिष्ट चरितों आधारित 'श्रीलीला समारोह' का आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से जिले के पावन सेठानी घाट पर तीन दिवसीय श्रीरामचरित लीला समारोह में दूसरे दिन भक्तिमति शबरी कथा का मंचन किया गया। जिसे देखने बढ़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे.कार्यक्रम का निर्देशन बालाघाट के रूपकुमार बनवाले और उनकी टीम ने किया है। इस अवसर पर विधायक डॉ सीतासरन शर्मा , नगर पालिका अध्यक्ष नर्मदापुरम नीतू यादव, एवं अन्य जनप्रतिनिधि और बढ़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


लीला नाट्य भक्तिमति शबरी कथा में बताया कि पिछले जन्म में माता शबरी एक रानी थीं, जो भक्ति करना चाहती थीं लेकिन माता शबरी को राजा भक्ति करने से मना कर देते हैं। तब शबरी मां गंगा से अगले जन्म भक्ति करने की बात कहकर गंगा में डूब कर अपने प्राण त्याग देती हैं। अगले दृश्य में शबरी का दूसरा जन्म होता है और गंगा किनारे गिरि वन में बसे भील समुदाय को शबरी गंगा से मिलती हैं। भील समुदाय़ शबरी का लालन-पालन करते हैं और शबरी युवावस्था में आती हैं तो उनका विवाह करने का प्रयोजन किया जाता है लेकिन अपने विवाह में जानवरों की बलि देने का विरोध करते हुए, वे घर छोड़ कर घूमते हुए मतंग ऋषि के आश्रम में पहुंचती हैं, जहां ऋषि मतंग माता शबरी को दीक्षा देते हैं। आश्रम में कई कपि भी रहते हैं जो माता शबरी का अपमान करते हैं। अत्यधिक वृद्धावस्था होने के कारण मतंग ऋषि माता शबरी से कहते हैं कि इस जन्म में मुझे तो भगवान राम के दर्शन नहीं हुए, लेकिन तुम जरूर इंतजार करना भगवान जरूर दर्शन देंगे। लीला के अगले दृश्य में गिद्धराज मिलाप, कबंद्धा सुर संवाद, भगवान राम एवं माता शबरी मिलाप प्रसंग मंचित किए गए।भगवान राम एवं माता शबरी मिलाप प्रसंग में माता सीता की खोज में जब श्रीराम शबरी की कुटिया पहुंते तो वह भाव विभोर हो गई और उनकी आंखों से आंसू बहने लगे।कहते हैं कि शबरी ने श्रीराम को स्वयं चखकर सिर्फ मीठे बेर खिलाये, जिसे भगवान राम ने भी भक्ति के वश होकर प्रेम से खाए। शबरी की भक्ति देखकर श्रीराम ने उन्हें मोक्ष प्रदान किया। भगवान राम माता शबरी को नवधा भक्ति कथा भी सुनाते हैं और शबरी उन्हें माता सीता तक पहुंचने वाले मार्ग के बारे में बताती हैं। लीला नाट्य के अगले दृश्य में शबरी समाधि ले लेती हैं।



### अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा समारोह कल

# पूरे जिले के मंदिरों में साफ-सफाई, दीप प्रज्जवलन तथा घरों में होगा दीपोत्सव

### गरिमामय आयोजन के लिए पूरे जिले में सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन





22 जनवरी तक जिले के जिन स्थानों पर रेलवे स्टेशन एवं प्रमुख मार्ग पर स्पेशल ट्रेनों तथा सड़क मार्ग से अयोध्या जा रहे तीर्थ यात्रियों के सम्मान एवं स्वागत, जिले के सभी ग्रामों एवं नगर के सभी वार्डों में सुंदरकाण्ड तथा रामचरित्र मानस एवं अखण्ड रामायण पाठ और भजन कीर्तन, रंगोली माण्डना, कलश यात्रा, प्रत्येक मंदिर में जनसहयोग से राम कीर्तन आदि का आयोजन, द्वीप प्रज्जवलन हर घर में द्वीपोंत्सव के लिए आमजन को जागृत करना।

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 22 जनवरी को को होने जा रहा है। इस अवसर पर पूरे जिले में भी 21 जनवरी तक मंदिरों एंव सार्वजनिक स्थानों तथा शासकीय कार्यालयों में साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। 22 जनवरी को भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ध्यान में रखते हुए जिले भर में गरिमा पूर्वक रचनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम गरिमामय ढंग से आयोजित किए जा हरे है। जिले में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाए जाने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में 22 जनवरी तक सभी कार्यक्रमों का भव्य एवं गरिमामय आयोजन के लिए सभी की सहभागिता की जाए। इस दौरान जिले में कानून व्यवस्था भी मजबूत रहे।

जिले में 21 जनवरी तक जिले के सभी मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई तथा सभी नगरों एवं गाँवों में विशेष सफाई अभियान और सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कॉलेज में साज-सज्जा कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इसी तरह

### नगर के ग्रामों में होंगे अनेक कार्यक्रम

सभी नगरों के मोहल्लों में तथा ग्रामों में स्थानीय कार्यक्रम राम मंडलियों के कार्यक्रमों का आयोजन, प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि, भगवान श्रीराम - जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन किया जायेगा। 21 से 26 जनवरी तक समस्त शासकीय कार्यालयों में रोशनी की व्यवस्था की जाएगी 22 जनवरी को सभी ग्रामों एवं नगर के मुख्य मंदिरों टीवी स्क्रीन लगाकर अयोध्या के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण, प्रमुखों मंदिरों में भंडारों के आयोजन, नर्मदापुरम नगरीय क्षेत्र में सेठानी घाट, सतरस्ता एवं ग्वालटोली स्थित काली मंदिर में एलईडी से लाइव प्रसारण किया जाएगा इसी प्रकार जिले के इटारसी, सिवनीमालवा, पिपरिया सोहागपुर, माखननगर, बनखेड़ी एवं केसला में भी विभिन्न स्थानों और प्रमुख मंदिरों में अयोध्या में आयोजित कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण किया जाएगा।

# ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने मंदिर में किया सुंदरकांड

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्री राम लाला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए ब्राह्मण महिला संगठन की महिला कार्यकर्ताओं ने स्थानीय सीताराम मंदिर कल्लू चौक पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। साथ ही प्रतिवर्ष अनुसार मकर संक्रांति के उपलक्ष में हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें सभी महिलाओं ने एक दूसरे को अखंड सौभाग्यवती रहने की मंगल कामनाओं के साथ सुहाग सामग्री का वितरण किया।इस दौरान सर्व ब्राह्मण समाज महिला अध्यक्ष उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष सचिव सहसचिव संरक्षक तथा ब्रिप महिला उपस्थित रही अग्रवाल महिला मंडल ने हल्दी कुमकुम कार्यक्रम किया आयोजन सिवनी मालवा के अग्रवाल समाज की महिला मंडल द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी संक्रांति के अवसर पर हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम आयोजित किया। समाज की वही एकत्रित महिला मंडलों द्वारा 22 तारीख को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को उत्साह और उमंग के साथ बनाने के लिए सभी नगर वीडियो को घर-घर दीप जलाने और अपने-अपने घर के सामने रंगोली बनाकर झंडा लगाने की भी अपील की इस दौरान सरोज अग्रवाल, उषा अग्रवाल, सारिका, सरिता,नीतू अग्रवाल, सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।



# सिवनी मालवा नगर हुआ राममय जोरों से चल रही है तैयारी



**सिवनी मालवा।** नगर सहित आसपास का क्षेत्र में पूरा क्षेत्र राम मए हो गया है। जगह-जगह भगवा झंडा लहरा रहा है तो वहीं मंदिरों की साझ सज्जा की जा रही है। नगर में दुल्हन की तरह नगर और मंदिर को सजाया जा रहे हैं।तो वही ग्राम पंचायत रीछी में 22 जनवरी को प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा हेतु घर-घर उत्सव मनाया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा प्रभात फेरियां निकाली गई।

### गांव में ही नहीं पूरे क्षेत्र में प्रभात फेरिया सत्संग विगत 15 दिनों से चल रही

वही दूसरी और शिवपुर मे तलाव के पास बाली बजरंग कुटी से राम भक्तो ने राम दरबार के लिए पेरावनी लेकर ग्राम के प्रमुख मार्गो से आतिश बाजी , ढोल बाजे के साथ श्री राम मंदिर रवाना हुए - जहां भगवान का पूजन अर्चन कर राम परिवार को भेंट दी गई। वही नर्मदा कीटस वेली स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान राम सीता और लक्ष्मण सहित हनुमान का रूपधर लघु रामलीला का भी आओजन किया जा रहा है।

# विद्यालयों में 22 जनवरी को अवकाश एवं शासकीय कार्यालयों में आधे दिन छुट्टी




**नर्मदापुरम।** स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी विद्यालयों में सोमवार 22 जनवरी, 2024 को अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए घोषित किया गया है।

वहीं राज्य शासन द्वारा अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर सभी शासकीय कार्यालयों में 22 जनवरी 2024 (सोमवार) को आधे दिवस का (अपरान्ह 2÷30 बजे तक) अवकाश घोषित किया गया है।

# सामाजिक समरसता के प्रतीक श्रीराम, नर्मदा कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

राम लला प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या महोत्सव के अंतर्गत नर्मदा कालेज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय ÷सामाजिक समरसता के पुरोधा भगवान श्री राम÷ पर विद्यार्थियों ने अपने निबंध प्रस्तुत किये ।जिसमें वनवासी राम के संपूर्ण जीवन पर सामाजिक समरसता के प्रसंग लिखे गए। केवट, शबरी ,ऋषि मुनियों की रक्षा, असुरों का संहार से लेकर वानर, भालू और विभीषण मैत्री को संदर्भित किया गया। प्रतियोगिता में आशुतोष पारे प्रथम, किरण परिहार द्वितीय मानस दुबे ने तृतीय एवं तथा समर्थ पटवा ने चतुर्थ सांत्वना स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत की समृद्ध परंपरा और संस्कृति में भगवान राम निश्चित ही सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। उन्होंने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल से किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ सविता गुप्ता और समन्वयक डॉ के जी मिश्र ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने संयुक्त रुप से बताया कि श्री राम ने अपने जीवन से अनुशासन और विनम्रता का जो चरित्र प्रस्तुत किया है वह आज भी समाज के लिए दिशाबोध है। डॉ ममता गर्ग, हेमलता सनोडिया, डॉ रूपा भावसार निर्णायक रहे। डॉ अंजना यादव ,डॉ नीलू दुबे डॉ मीनाक्षी ठाकुर का विशेष सहयोग रहा। महक पटवा, पूजा पाल, प्रिया चौहान, अर्जुन यादव , मीनाक्षी चौहान, आकाश इवने ,नरेश आदि विद्यार्थियों ने निबंध लेखन किया।



**मेट्रो एंकर**

### कलेक्टर ने जिले के राजस्व अधिकारियों की ली बैठक

# राजस्व विभाग की शिकायतों के निराकरण में आई तेजी, 474 से अधिक शिकायतों का किया समाधान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

पिछले 15 दिनों में राजस्व की शिकायतों के निराकरण में उल्लेखनीय प्रगति आई हैं। सीएम हेल्पलाइन की 643 शिकायतों में से 474 से अधिक शिकायतों का संतुष्टि के साथ समाधान किया गया हैं। 3 जनवरी से अभी तक 287 शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया हैं जोकि 45 प्रतिशत हैं। राजस्व विभाग की ग्रेड में भी वृद्धि हुई। शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने कहा की सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार इसी प्रकार शिकायतों का सतत निराकरण करें। विशेष ध्यान देकर 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का भी निराकरण किया जाए। लंबित प्रकरणों के संबंध में कैंप भी लगाए जाएं।

राजस्व महा अभियान अंतर्गत दर्ज नामांतरण बटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाए। पटवारियों द्वारा बी वन वाचन का कार्य अच्छे करें। कलेक्टर सुश्री मीना ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि कार्ययोजना बनाकर भूमि स्वामियों के समग्र को आधार से लिंक करने की कार्यवाही की जाए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास के मैदानी



अमले को भी आधार लिंकेज कार्य से जोड़े। इस कार्य की सतत मॉनिटरिंग भी करें। इस संबंध में सभी कॉमन सर्विस सेंटर की जिला स्तर पर बैठक भी आयोजित की जाए।

राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों की भी कलेक्टर सुश्री मीना ने विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कम प्रगति वाले तहसीलदार न्यायालयों को विशेष प्रयास कर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व महा अभियान के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों का भी निराकरण किया जाए। लंबित प्रकरणों में लगातार पेशी लगाकर उनका निराकरण किया जाए।

मुख्यमंत्री धारणाधिकार योजना और भू आवासीय अधिकार योजना की भी समीक्षा कर कलेक्टर सुश्री मीना प्राप्त आवेदनों को स्वीकृत कराने में प्रगति लाने के निर्देश तहसीलदारों को दिए। कलेक्टर सुश्री मीना ने स्वामित्व योजना में ग्रांउड ट्रूथिंग का काम बिना त्रुटि के करने के निर्देश दिए। ताकि सर्वे ऑफ इंडिया में नक्शा जमा कराने और अधिकार अभिलेख प्रकाशन के दौरान भी कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम , तहसीलदार अपने क्षेत्र में टाइम लाइन सेट कर ग्राउंड ट्रूथिंग से लेकर अंतिम प्रकाशन तक की पूरी प्रक्रिया निर्धारित समय पर पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि पिछले 15 दिनों में स्वामित्व योजना में प्रगति आई है। प्रगति निरंतर बनाएं रखे।

उन्होंने सिविल न्यायालयों में लंबित याचिकाओं और अवमानना के प्रकरणों में पूरी गंभीरता के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व वसूली में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों की लंबित जनसुनवाई के प्रकरणों के भी निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधियों के तहत सभी 18 से 19 वर्ष आयु के नव मतदाताओं का नाम जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की स्कूलों और कॉलेजों में कैंप लगाकर नव मतदाताओं के नाम जोड़े जाएं। मतदाताओं को नाम जोड़ने की गतिविधियों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करें।

# बेतवा नदी तट पर एक हजार दीप प्रज्जवलित होंगे

**विदिशा।** श्रीराम जन्म भूमि मंदिर अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को एक हजार दीप बेतवा नदी के चरण तीर्थ तट पर एक हजार दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे कि जानकारी देते हुए कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने बताया कि श्री रामलीला एवं चरण तीर्थ के चहुंओर विशेष रोशनी भी सोमवार 22 जनवरी को की जाएगी।

कलेक्टर एवं श्री रामलीला मेला समिति के अध्यक्ष श्री भार्गव ने नगर के सभी गणमान्य नागरिकों से आव्हान किया है कि धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग की मंशा के अनुरूप भव्य आयोजन में सहभागिता करें।


**न्यायालय नायब तहसीलदार, बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील-कोलार, भोपाल**

क्रमांक /अ-6/2023-24

**//इश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अखिलेश कुमार जैन आ. रमेश कुमार जैन द्वारा ग्राम हिनोतिया आलम स्थित खसरा क्रमांक / 403 ,404 व अन्य का भाग प्लाट नं.A-92 रकबा 102.11 वर्ग मीटर विक्रय पत्र के आधार नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 23/01/2024 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील, कोलार, जिला भोपाल**

# प्रतिदिन खुद को सुनना ही लक्ष्य प्राप्त करने का सरल रास्ता है: हिमांशु






सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विदिशा अंतरराष्ट्रीय संस्था परिवर्तन की पहल द्वारा आयोजित विदिशा डायलॉग कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रशिक्षक हिमांशु भारत ने बताया कि लक्ष्य को हासिल करने का सबसे सरल रास्ता स्वयं को सुनना है प्रतिदिन आप खुद से मिले खुद को सुने तो जीवन का कोई भी लक्ष्य बड़े आसानी से प्राप्त कर सकते हैं, प्रशिक्षक अंजना श्रीवास्तव ने बताया कि हम सोचते बहुत हैं पर कर नहीं पाते उन्होंने चिंता और प्रभाव का दायरा बताते हुए कहा कि बहुत सारी चीजों पर हम चिंता तो करते हैं लेकिन हमारे दायरे में बहुत सी चीज नहीं आती तो उन पर एनर्जी लगाना क्या सही है श्रीवास्तव ने कहा कि जो हमारे प्रभाव के दायरे में है हम उन पर कम करें, समाज में कुछ अच्छा देखना चाहते हैं तो पहले स्वयं को देखें प्रशिक्षक राधा गिरी ने बताया कि यदि आप समझ में कुछ बदलाव देखना चाहते हैं तो सबसे पहले इस बात पर चिंतन करें कि क्या जो मैं समझ में देखना चाहता हूं वह मेरे अंदर है प्रिया जाटव ने अपने जीवन के उदाहरण देते हुए कहा कि मेरे अंदर कुछ लोगों के प्रति जलन भ्रष्टाचार व अन्य भावनाएं थी और मैं समझ में देखना चाहती थी बदलाव हो आत्म चिंतन के बाद पता चला की सबसे पहले खुद को बदलने की जरूरत है।

प्रतिभागियों ने अपनी गलतियों को स्वयं स्वीकार किया प्रतिभागियों ने विदिशा डायलॉग कार्यक्रम के दौरान अपने अंदर की बुराइयों को स्वयं स्वीकार करते हुए मंच से साझा किया प्रतिभागी शिवराज द्वारा बताया कि मेरे अंदर अहंकार था जो मेरे रिश्तो को कमजोर कर रहा था आज मुझे इस बात का एहसास हुआ इसी तरह अनेक प्रतिभागियों ने अपने अंदर की बुराइयों को स्वयं स्वीकार करते हुए सुधार करने का संकल्प लिया प्रशिक्षक सोनू व प्रीति तिवारी द्वारा विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से बताया कि हम जाने अनजाने में दिन भर में कितनी छोटी-छोटी गलतियां कर देते हैं और हमें एहसास भी नहीं होता छोटी-छोटी गलतियों को कैसे आप देख सकते हैं और उनमें किस तरह सुधार कर सकते हैं यह खेलों के माध्यम से बताया।

## सड़क की गुणवत्ता को लेकर लगातार खड़े हो रहे प्रश्न चिन्ह

# कायाकल्प की सड़क बनाने वाले ठेकेदार के आगे प्रशासन, जनप्रतिनिधि बेअसर



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।


22 जनवरी को नगर को साफ स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए सरकार के द्वारा भी निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्रीय विधायक के द्वारा भी लगातार दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं। दूसरी ओर लिंक रोड की सड़क बनाने वाले सड़क ठेकेदार के आगे सभी बेसर होते हुए दिखाई दे रहे हैं ।तभी तो सड़क बनाने के बाद ठेकेदार अपने हिसाब से कम को अंजाम देकर सड़क पर गंदगी छोड़ दी है आधा अधूरा काम छोड़ दिया वहीं निर्माण के दौरान जो भी मटेरियल खराब या तलाई के लिए डाला गया सामान भी सड़क पर ही छोड़ दिया गया इस वजह से जगह-जगह कचरा के ढेर लगे हुए हैं । पत्थर पड़े हुए हैं इस वजह से वाहन चालकों के साथ रहवासियों आसपास के दुकानदारों को भी परेशानी हो रही है । सड़क की गुणवत्ता को लेकर लगातार प्रश्न चिन्ह खड़े हो रहे हैं । कुछ महीने पहले तो विधायक के द्वारा मुख्यमंत्री से लेकर नगरी प्रशासन के अधिकारियों शिकायत भी की गई थी जांच के नाम पर खाना पूर्ति हो गई । इस वजह से ठेकेदार की हौसले भी बुलंद दिखाई दे रहे हैं ठेकेदार अपने हिसाब से सड़क का निर्माण करके खानापूर्ति कर रहा है इसको देखते हुए ऐसा लग रहा है कि ठेकेदार के आगे किसी की नहीं चल रही है तभी तो ठेकेदार अपने हिसाब से जैसा चाहता है वैसा काम होता है। या फिर किसी और तरह की बात हो गई है तभी तो ठेकेदार के काम को आंखें बंद करके पास किया जा रहा है अभी जो सड़क बनाई गई उसमें गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा गया है बगैर बेस के ही सड़क बना दी गई है। उसके हिसाब से ही काम हो रहा है जहां और जब उसको काम करना होता तब काम होता जब उसको बंद करना होता तब वह काम बंद करके चला जाता है। लापरवाही से कम होने के कारण सड़क पर दिन भर धूल उड़ती रहती है। दुकानदारों के साथ वाहन चालकों को भी परेशानी होती है।

### बासौदा नाके पर खुदी ही छोड़ी नाली, आमजन परेशान



**सिरोंज।** विधायक के निर्देश पर नगर पालिका परिषद के द्वारा नगर को साफ-साफ बनाने के लिए विशेष सफाई अभियान प्रारंभ किया गया था उसके तहत ही कई दिनों पहले बलेज पेट्रोल पंप पर नाली की खुदाई करने का काम नगर पालिका सफाई कर्मियों के द्वारा जेसीबी से करवाया गया था । इसके बाद यहां पर बड़ी नाली को खोदने के दौरान जो मटेरियल निकला था उसको भी वहीं छोड़ दिया साथ ही नाली को बनवाने का काम भी नहीं किया गया सफाई भी नहीं हुई। इसके वजह से यहां से आने जाने में आम जनता के साथ वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है। क्योंकि नली की खुदाई के समय उसमें से निकले समान को भी सड़क पर ही छोड़ दिया गया है ।इस वजह से और भी परेशानी हो रही है। पेट्रोल पंप पर जाने वाले वाहन चालकों के साथ दुकानदारों ने बताया कि कई दिनों से नाली ऐसी ही पड़ी हुई है। कई बार इसको व्यवस्थित रूप से करवाने की मांग नगर पालिका से कर चुके हैं। पर किसी के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सबसे बड़ी बात तो है कि नगर पालिका परिषद के जन प्रतिनिधियों के द्वारा शहर का भ्रमण ही नहीं किया जाता है। इस वजह से ऐसी तस्वीरें शहर में आमतौर पर देखने को मिलती है। लापरवाही से काम करने वालों पर भी कोई लगाम नहीं लगाई जा रही है। जैसे ही हमारे संवाददाता जनहित में इसकी समस्या से मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू अवगत कराया तो उन्होंने देर शाम को मौके पर पहुंचकर इसकी सफाई करने का काम प्रारंभ करवा दिया था।

# कलेक्टर ने अपने हाथों से कूड़ा करकट उठाकर स्वच्छता का संदेश दिया



विदिशा, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने आज कलेक्टेट परिसर एवं एसडीएम व तहसील कार्यालय में साफ सफाई व स्वच्छता का संदेश स्वंय ने अपने हाथो से झाडू लगाकर, कूडा करकट उठाकर दिया है। राजस्व विभाग के द्वारा शनिवार को जिले के सभी राजस्व कार्यालयो में एक साथ स्वच्छता अभियान का संचालन प्रातः कर साफ सफाई व स्वच्छता का संदेश दिया है।

जिला मुख्यालय पर आयोजित साफ सफाई स्वच्छता कार्यक्रम में कलेक्टर के साथ-साथ अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री विष्णु प्रसाद यादव के अलावा अन्य राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कलेक्टेऊट परिसर में साफ सफाई के कार्यो को संपादित किया है।

कलेक्टर श्री भार्गव ने साफ सफाई के दौरान नियत स्थलों पर डस्टबिन रखने के निर्देश संबंधितों को दिए है। सम्पूर्ण अभियान के दौरान नगरपालिका स्टॉफ ने भी सहभागिता निभाई और नगरपालिका के कचरा वाहनो में कचरा भरने के उपरांत उन्हें नियत स्थलों पर डम्प कराया गया है।

तहसीलो में साफ सफाई

स्वच्छता अभियान के तहत शासकीय अवकाश शनिवार को जिले के सभी एसडीएम कार्यालय व तहसील कार्यालयो में एक साथ वृहद साफ सफाई कार्यो का संपादन स्थानीय एसडीएम व तहसीलदार के संयुक्त प्रयासों से हुआ है। अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने बताया कि जारी निर्देशो के अनुपालन में हरेक विभाग कार्यालयो में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थानीय अधिकारी, कर्मचारी भी स्वच्छता के सहभागी बनें इसके लिए साप्ताहिक साफ सफाई अभियान के तहत शनिवार को राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों के द्वारा अपने-अपने कार्यालयो में विशेष पहल करते हुए साफ सफाई के कार्यो का संपादन कर स्वच्छ रहने व स्वच्छता का पालन करने का संदेश दिया है।

# आपत्तिजनक पोस्ट, फॉरवर्डिंग, कमेंट, क्रॉस कमेंट,लाइक पर प्रतिबंध: कलेक्टर

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी उमाशंकर भार्गव ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 ( 1 ) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए लोक प्रशांति बनाए रखने एवं मानव जीवन तथा आमजन के जान माल की सुरक्षा हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करते हुए विदिशा जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में किसी भी फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर इत्यादि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक अथवा उद्वेलित करने वाली फोटो चित्र, मैसेज, साम्प्रदायिक मैसेज, आदि को पोस्ट करने, फॉरवर्डिंग करने या कमेंट, क्रॉस कमेंट और लाइक करने की गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।

कलेक्टर श्री भार्गव के द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि विगत दिनो प्रदेश के विभिन्न जिलो में सोशल मीडिया जैसे, वाट्सएप, फेसबुक आदि के माध्यम से कतिपय असामजिक तत्वो अथवा असामाजिक तत्वों के समूहों द्वारा सामाजिक व्यवस्था को भंग करने दो समुदाय विशेष के मध्य वैमनस्यता की स्थिति निर्मित करने के उद्देश्य से आपत्तिजनक संदेश एवं चित्रो व वीडियो को पोस्ट किया जा रहा है, उक्त गतिविधियों के कारण जिले में कभी भी कानून व्यवस्था भंग होना सभावित है। प्रदेश में घटित होने वाले घटनाक्रम से परिलक्षित होता है, कि कतिपय व्यक्तियों द्वारा एक समुदाय के विरूद्ध वातावरण निर्मित करने के लिए संदेशो का प्रसारण किया जा रहा है, जिससे जिले का साम्प्रदायिक सद्भाव एवं शांति व्यवस्था के लिए प्रतिकूल स्थितियों निर्मित हो रही हैं।

# सर्दी के कहर से निकलने में हो रही है हालत खराब



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

पिछले तीन दिनों से मौसम में हुए बदलाव के बाद सर्दी का ऐसा सितम प्रारंभ हुआ है कि जिसके कारण सभी की हालत खराब हो रही है दिन में ही कप कप देने वाली सर्दी का दौर जारी है। सुबह-शाम तो घरों से निकलने में लोगों की हालत खराब हो रही है रात का तापमान 5 से 7 डिग्री के बीच दर्ज हो रहा है। दो पहिया चार पहिया वाहन सुबह स्टार्ट नहीं होते हैं। सर्दी का असर इतना ज्यादा है कि बाहर निकलने में लोगों को कप-कपी आ जाती है। दो पहिया वाहन चलाना तो कठिन काम हो रहा है । इस वजह से शहर की सड़क सुबह के समय खाली दिखाई देने लगी है। इसी बीच मौसम में हुए बदलाव के बाद आसमान पर बादलों ने डेरा भी जमा लिया है ।शीतल है का दौर भी प्रारंभ हो गया है । लोगों का कहना है कि इस तरह की सर्दी पहले नहीं देखी नहीं जिस तरह की सर्दी अब पड़ रही है। इस बार सर्दी ने तो सारे रिकॉर्डिंग तोड़ दिए हैं हमारी हालत खराब हो रही है बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशान हो रही है। दिन भर लोग आग जलाकर हथ सकते हुए नजर आ रहे हैं। गर्म कपड़ों की मांग फिर से बढ़ गई है। किसानों को फसलों में नुकसान होने का डर सता रहा है। साथ ही मवेशियों को भी ठंड के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । आने वाले दिनों में इसी तरह का मौसम रहने की संभावना भी मौसम विभाग के द्वारा जाहिर की है।

**मेट्रो एंकर**

## सीएम ने सागर ग्रुप की एसएमपीएल इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल इंडस्ट्री की इकाई का किया उद्घाटन

# उद्योगों की प्रगति में ही सूबे की समृद्धि निहित: मुख्यमंत्री

रायसेन, दोपहर मेट्रो।

उद्योगों की प्रगति में ही मध्यप्रदेश की समृद्धि निहित है। प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़े, अधिक से अधिक उद्योग यहां स्थापित हों। प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो, हम सुशासन और सुव्यवस्थाओं को स्थापित करें, प्रदेश सरकार का यही संकल्प है। यह विचार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रायसेन जिले के तामोट में टेक्सटाईल उद्योग क्षेत्र में सागर ग्रुप की एसएमपीएल इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल इंडस्ट्री की नवनिर्मित इकाई का उद्घाटन करने के उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हमारे जीवन के सभी क्षेत्रों को मजबूत करने में सबसे बड़ा योगदान रोजगार व्यवस्था का है। उद्योगों से समृद्धि आती है। प्रदेश के समृद्ध होने के साथ-साथ नागरिकों को रोजगार मिलता है, आर्थिक विकास होता है। देश-दुनिया में पहचान बनती है। उन्होंने कहा कि मप्र में विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं। यहां अधिक से अधिक उद्योग स्थापित हों, यह प्रयास किए जा रहे हैं। उज्जैन में भी टैक्सटाइल उद्योग स्थापित करने के प्रयास किए जाएंगे। प्रदेश के ही उद्यमी यहां उद्योग खोंले, इसके लिए भी प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी योजनाओं का संचालन करते हुए नित नए आयाम जोड़े जा रहे हैं। प्रदेश में सुशासन और सुव्यवस्था रहे। हमारा



मध्यप्रदेश विकास के मामले में नम्बर वन बने, इसके लिए सरकार निरंतर काम कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उद्योगों को आत्मनिर्भर और लाभकारी बनाए जाने के लिये बढ़ावा दिया जा रहा है। उद्योगपतियों को अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरकार उद्योगों को आत्मनिर्भर, लाभदायक और रोजगार पैदा करने वाला बनाने की दिशा में काम कर रही है। मुझे एस.एम.पी.एल. इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज की पॉलिएस्टर कॉटन यार्न यूनिट की शुरुआत करते हुए बेहद खुशी हो रही है, जो 3500 लोगों के लिए रोजगार देगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सागर ग्रुप के कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान और सामुदायिक विकास की दिशा में ग्रुप समूह की गतिविधियों को मजबूत करने के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर प्रोत्साहित भी किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहव यादव ने उद्घाटन कर इकाई का भ्रमण किया और इकाई में कार्यरत महिलाओं से बातचीत की।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्री सुरेन्द्र पटवा ने कहा कि इस इकाई के प्रारंभ होने से क्षेत्र के नागरिकों को भी लाभ होगा। रोजगार के भी अवसर बढ़ेंगे। विधायक श्री पटवा ने कहा कि सरकार द्वारा रोजगार को बढ़ावा देने हेतु अनेक रोजगारमूलक योजनाओं के संचालन के साथ-साथ नवीन उद्योगों की स्थापना हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उद्योग स्थापित होने से क्षेत्र के विकास को भी गति मिलती है।

उद्घाटन समारोह में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, सांसद श्री रमाकांत भार्गव, साँची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा तथा भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राकेश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री राघवेंद्र सिंह, डॉ. नवनीत मोहन कोठारी प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी), भोपाल कमिश्नर श्री पवन शर्मा, श्री इरशाद अली आईजी होशंगाबाद कलेक्टर रायसेन श्री अरविंद कुमार दुबे की गरिमामयी उपस्थिति रही।



IND vs ENG टेस्ट सीरीज

# 'भारतीय पिचों पर...', पूर्व इंग्लिश बल्लेबाज पीटरसन ने खोला 2012 के दौरे में अपनी कामयाबी का राज

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व चैंपियन बल्लेबाज केविन पीटरसन ने कहा है कि भारत दौरे पर बल्लेबाजों को अपना डिफेंस काफी मजबूत रखना होगा और उन्होंने 2012-13 के भारत दौरे पर नेट पर घंटों अपनी डिफेंस तकनीक पर मेहनत करके ही कामयाबी पाई थी। पीटरसन ने मुंबई में दूसरे टेस्ट में 233 गेंदों में 186 रन बनाए थे जो भारत में किसी विदेशी बल्लेबाज के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक है। उस पारी ने पहला टेस्ट हार चुके इंग्लैंड के पक्ष में पासा पलट दिया था और 27 साल में इंग्लैंड ने भारत में पहली सीरीज जीती।

भारत के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज से पहले पीटरसन ने पुरानी यादें ताजा करते हुए कहा, 'मेरे अलावा जो रूट और जॉनी बेयरस्टो हर समय नेट पर अपने डिफेंस पर काम करते थे। हम फ्रंटफुट पर नहीं खेलने का अभ्यास करते थे। हमारी कोशिश कर गेंद को आफ साइड पर खेलने की होती थी। डिफेंसिव खेलने में कुछ गलत नहीं है । डिफेंस मजबूत होने से ही आप आक्रामक होकर खेल सकते हैं। स्ट्रेट खेलना और फ्रंटफुट आगे नहीं लाना, गेंद का इंतजार करना यह सब बहुत जरूरी है।'



**अश्विन की दूसरा गेंद का निकाल लिया था तोड़:** पीटरसन ने भारतीय आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की 'दूसरा' को बखूबी खेला था। उन्होने कहा, 'मैंने अश्विन की दूसरा पकड़ ली थी। वह अपने रनअप की शुरुआत से पहले ही गेंद से एक्शन बना लेते हैं। वह एक आफ स्पिनर की तरह गेंद हाथ में लेकर नहीं दौड़ते और बाद में इसे बदलकर 'दूसरा' फेंकते हैं। मुझे 100 फीसदी यकीन रहता था कि वह दूसरा कब डालेंगे। मैंने उनकी इस गेंद पर कई बार शॉट खेले हैं। उन्होंने कहा, मैंने जडेजा को भी काफी खेला है। वह मुरली या शेन वॉर्न नहीं है। वह बायें हाथ का स्पिनर है और एक तरीके से गेंद डालता है। अगर आपकी तकनीक मजबूत है तो उसे खेलने में दिक्कत नहीं आएगी।' इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की आगामी सीरीज में भले ही भारत का पलड़ा भारी हो, लेकिन पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने चेताया है कि इंग्लैंड टीम को कमतर नहीं आंका जाना चाहिए जिसने 'बैजबॉल' रणनीति से हाल ही में काफी सफलता पाई है। इंग्लैंड ने बैजबॉल शैली अपनाने के बाद से एक भी टेस्ट सीरीज नहीं गंवाई है। वहीं भारत ने 2012-13 के बाद से अपनी धरती पर कोई सीरीज नहीं हारी है। हुसैन ने कहा, भारत का पलड़ा भारी है लेकिन ब्रेंडन मैकुलम और बेन स्टोक्स का रिकॉर्ड शानदार है। उन्हें कमतर नहीं आंका जा सकता। उन्होंने कहा, बैजबॉल को इंग्लैंड में काफी सफलता मिली लेकिन भारत या ऑस्ट्रेलिया उसके लिये सबसे बड़ी चुनौती होंगे। यह रोमांचक क्रिकेट होगा और देखना होगा कि यह टीम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक भारत के खिलाफ कैसे खेलती है। पारंपरिक तौर पर स्पिनरों की मददगार भारतीय पिचों पर स्पिन गेंदबाजों की भूमिका अहम होगी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल आर्थटन का मानना है कि भारतीय स्पिनरों के पास अधिक विविधता है।

## क्लीन स्वीप होने से बचा पाकिस्तान

# आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को 92 पर समेटा, 42 रन से हराया

**क्राइस्टचर्च , एजेंसी**

पाकिस्तान ने क्राइस्टचर्च में खेले गए पांचवें और आखिरी टी20 में न्यूजीलैंड को 42 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ पाकिस्तानी टीम ने खुद को क्लीन स्वीप होने से बचा लिया। न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी20 सीरीज पर 4-1 से कब्जा जमाया। आखिरी मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 134 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 17.2 ओवर में 92 रन पर सिमट गई। इफ्तिखार अहमद को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया। वहीं, फिन एलेन को प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड दिया गया।



पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही थी। टीम मैनेजमेंट ने इस मुकाबले के लिए सैम अयूब को ड्रॉप कर हसीबुल्लाह खान को खिलाया गया। हालांकि, वह बिना खाता खोले पहले ही ओवर में आउट हो गए। पाकिस्तान को शून्य पर पहला झटका लगा। इसके बाद रिजवान ने बाबर आजम के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी निभाई। बाबर 24 गेंद में 13 रन बनाकर आउट हुए। फखर जमान ने 16 गेंद में एक चौका और चार छक्के की मदद से 33 रन की छोटी मगर उपयोगी पारी खेली। वहीं, रिजवान 38 गेंद में 38 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मोहम्मद नवाज एक रन, इफ्तिखार अहमद पांच रन, शाहिबजादा फरहान 14 गेंद में 19 रन, शाहीन अफरीदी एक रन बनाकर आउट हुए। वहीं, अब्बास अफरीदी छह गेंद में 14 रन और उसामा मीर एक रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी, मैट हेनरी, लोकी फर्ग्यूसन और ईश सोढ़ी को दो-दो विकेट मिले।

जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 92 रन पर सिमट गई। फिन एलेन 19 गेंद में 22 रन, रचिन रवींद्र एक रन, टिम साइफर्ट 19 रन, विल यंग 12 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, ग्लेन फिलिप्स ने 26 रन, कप्तान मिचेल सैंटनर चार रन बनाकर आउट हुए। मैट हेनरी एक रन, ईश सोढ़ी एक रन और लोकी फर्ग्स्यून बिना खाता खोले आउट हुए। टिम साउदी चार रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से इफ्तिखार अहमद ने तीन विकेट लिए। कप्तान शाहीन और नवाज ने दो-दो विकेट लिए। जमान खान और मीर को एक-एक विकेट मिला।

# रिजवान के 'नुकसान हुआ है' वाले बयान पर मो.आमिर का जवाब, बोले- खुद चार साल मजे किए और अब...

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने टीम के साथी मोहम्मद रिजवान की उस टिप्पणी पर तंज कसा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि बाबर आजम के साथ उनकी शुरुआती साझेदारी टूटने से टी20 में राष्ट्रीय टीम को नुकसान हुआ है। न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे टी20 मैच में पाकिस्तान की हार के बाद रिजवान ने कहा था कि सैम अयूब के साथ शुरुआती साझेदारी काम नहीं कर रही है और बाबर को सलामी बल्लेबाज के रूप में नहीं खेलने का निर्णय महंगा साबित हुआ है। इसके बाद आमिर ने सोशल मीडिया पर इस मामले का जिक्र किया और बिना किसी का नाम लिए उन्होंने लोगों से कहा कि वे युवाओं का समर्थन करें और उन्हें जज न करें। आमिर ने सोशल



मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर लिखा- भाई जान ने खुद चार साल मजे किए हैं बच्चों के चार मैचों की विफलता से कुछ नुकसान नहीं हुआ। जब अलग-अलग चीज कोशिश की जाती है उन को समय देना पड़ता है, बड़ा सिंपल है। रिजवान और बाबर की सलामी जोड़ी ने पाकिस्तान के लिए 51 टी20 पारियों में 2400 रन बनाए। हालांकि, इस दौरान दोनों की साझेदारी का स्ट्राइक रेट काफी नीचे गिर गया था। इसी वजह से लगभग तीन साल बाद टीम डायरेक्टर मोहम्मद हफीज ने बाबर को ओपनिंग से हटाकर तीसने नंबर पर भेजना शुरू किया और अयूब को रिजवान के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में बढ़ावा देने का फैसला किया।

# दिखना है स्टाइलिश और बोल्ड, तो कैरी करें स्टेटमेंट्स ज्वैलरी

*साल के साथ-साथ फैशन में काफी बदलाव होते हैं। अपने वार्डरोब्स में नयापन लाने और फैशन के नए ट्रेंड्स को अपनाने का यह बिल्कुल सही समय है। अपने स्टाइल स्टेटमेंट को दिखाने का एक सबसे आसान तरीका है कि आप सावधानी से बनाई गई अलग-अलग तरह की ज्वैलरी खरीदें जो आपकी स्टाइल के साथ बखूबी मेल खाती हों और नए साल में कदम रखने के लिए एक अलग ही टोन सेट करती हों। नीचे क्लासिक कारीगरी से लेकर आधुनिक डिजाईनों तक, आवश्यक ज्वेलरी स्टेटमेंट्स की जानकारी दी गई है, जो आपके लुक को बेहतर बनाएंगे और लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगी।*

**कान के शिल्पकारी वाले झुमके:** नई-नई डिजाइनों और अनूठे आकारों के साथ शिल्पकारी वाले झुमके (स्कल्पचरल ईयरिंग्स) पहनकर नए साल का शानदार ढंग से स्वागत करें। जियोमेट्रिक या एब्सट्रैक्ट गहने चुनें। ये गहने ध्यान खींचते हैं और इनका कलात्मक लुक आपके सामूहिक प्रभाव को बढ़ाता है। स्टेटमेंट ईयररिंग्स बी सहजता से साधारण- से-साधारण परिधानों की सुन्दरता बाते हैं और 2024 में दूसरों पर अपना प्रभाव डालने वाले फैशनेबल लोगों के पास यह ईयररिंग्स जरूर होने चाहिए।

**रंग-बिरंगे रत्न:** अपने ज्वेलरी के कलेक्शन में चमकीले रत्नों (जेम्स) से रंगों की बौछार भरें। एमरैल्ड ग्रीन से लेकर सफायर ब्लू तक रंग-बिरंगे स्टोन व्यक्ति को अपनी छाप छोने और अपने लुक को खूबसूरत बनाने के शानदार साधन हैं। जेमस्टोन की अंगूठियां, बालियां और झुमके, या नेकलेस से अपनी वार्डरोब को आकर्षक रंगों से सजाएं। यह आपके लुक को बेहद आकर्षक बनाते हैं और दूसरों का ध्यान आकर्षित करते हैं।

**चंकी चेन:** बोल्ड और चंकी चेन के नेकलेस पहनकर पूरे जोश के साथ नए साल में प्रवेश करें। बी कयों वाली चेन का माना फिर लौट रहा है और नए अंदाज की इन चेन से किसी भी पोशाक पर आधुनिकता का निखार आ जाता है। इन्हें अकेले पहनें या ज्यादा सुन्दर लुक पाने के लिए दूसरी चेन के साथ, चंकी चेन इतनी वर्सेटाइल हैं कि इन्हें दिन या रात में, कभी भी पहना जा सकता है।




### विंटेज से प्रेरित ब्रोच

अपने ऐक्सेसरी के कलेक्शन में प्राचीन फैशन के ब्रोच शामिल करके अपनी स्टाइल निखारें। तरह-तरह के इन ब्रोच को चाहे ब्लेजर पर लगायें, ड्रेस में पिन करें, या अपनी हैट पर लगायें, ये हर तरह से अपनी छाप छोते हैं। महीन डिजाईन, अद्भुत मोटिफ्स और आकर्षक बारीकियों वाले ब्रोच चुनें और अपनी आधुनिक वार्डरोब को पुराने जमाने के ग्लैमर से सजायें।

### हूप इयरिंग्स की वापसी

हूप इयरिंग्स क्लासिक पीसेस हैं जिनका चलन कभी नहीं जाता। 2024 में एक आधुनिक लुक के साथ इनकी शानदार वापसी हो रही है। अद्भुत सजावट या ज्यामितीय आकारों वाले बे आकार की बालियाँ खरीद कर आप इस टाइमलेस एक्सेसरी को आधुनिक बना सकती हैं। हूप इयरिंग्स बहुत सुन्दर लगते हैं और इन्हें कैजुअल या फॉर्मल, दोनों अवसरों पर पहना जा सकता है।

### लेयर्ड ब्रेसलेट्स

***आजकल लेयर्ड ब्रेसलेट्स का काफी चलन है। इस तरह के ब्रेसलेट फैशनेबल लुक प्रदान करते हैं। अपना निजी एवं खूबसूरत लुक पाने के लिए इन ब्रेसलेट्स को अलग-अलग स्टाइल, टेक्सचर, और मटेरियल के साथ मिक्स एवं मैच करें। नाजुक चेन से लेकर बीडेड ब्रेसलेट्स तक, इनका असल मकसद है उन्हें लीक से अलग फिर भी आकर्षक प्रभाव के लिए इस्तेमाल करना है। यह एक वर्सेटाइल ट्रेंड है जिसे आप अपने मूड और पोषाक के आधार पर ब्रेसलेट के साथ अलग-अलग कॉम्बिनेशन में इस्तेमाल कर सकती हैं।***

**मनोरंजन** बॉलीवुड का कोना




*ऐसे दूर हुआ था संदेह*

# भाग्यश्री को लगा था सूरज से शादी तय कर रहे माता-पिता

**बॉलीवुड** अभिनेत्री भाग्यश्री अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्हें सूरज बड़जात्या की फिल्म 'मैंने प्यार किया' से पहचान मिली थी। इस फिल्म में वह सलमान खान के साथ नजर आई थीं। दोनों की जोड़ी को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। हाल ही में भाग्यश्री ने सूरज बड़जात्या के साथ अपनी पहली बातचीत को याद किया है, जो बेहद ही हास्यपूर्ण थी। अभिनेत्री ने कहा कि जब वे पहली बार मिले थे, तो उन्होंने सोचा था कि वे माता-पिता द्वारा तय की गई शादी के लिए आए हैं। भाग्यश्री ने एक बातचीत के दौरान बताया, 'यह बहुत ही हास्यास्पद था। सूरज जी के पिता राज बाबू मेरे पिता को सामाजिक रूप से जानते थे। उन्होंने मेरे पिता को फोन किया और कहा कि आपसे मिलना है, मैं अपने बेटे को लेके आ रहा हूं। जाहिर है, हम दोनों के पिताओं के बीच यह चर्चा पहले भी हुई होगी। हमें इसकी जानकारी नहीं थी। वह हमारे गार्डन में बैठे और फिर उन्होंने मुझे बुलाया। सूरज जी और उनके पिता एक तरफ बैठे थे और मेरे माता-पिता दूसरी तरफ बैठे थे।' अभिनेत्री ने आगे बताया, 'राज बाबू ने कहा कि मेरा बेटा आपकी बेटी से कुछ बात करना चाहता है। बच्चे दूसरे कमरे में जाके बात करें?' यह सुनकर भाग्यश्री स्तब्ध रह गईं। उन्होंने सोचा कि उनके माता-पिता सूरज के साथ उनकी शादी करवा रहे। मगर भाग्यश्री की चिंता तुरंत दूर हो गई, जैसे ही सूरज के पिता ने बताया कि वह पहले से ही शादीशुदा हैं। अब जब उसकी शादी हो गई है, तो वह अपनी फिल्म बनाने के लिए तैयार हैं। मैंने प्यार किया के हिट होने के बाद भाग्यश्री और सलमान रातोंरात स्टार बन गए। भाग्यश्री ने फिल्म के प्रोडक्शन के दौरान गुपचुप तरीके से शादी कर ली थी। इस फिल्म के बाद उन्होंने फिल्मों से ब्रेक ले लिया था।

# स्त्री 2 पर फैन ने मांगा अपडेट, सुर्खियों में पंकज त्रिपाठी का मजेदार जवाब

**पंकज** त्रिपाठी इन दिनों हालिया रिलीज फिल्म 'मैं अटल हूं' में नजर आ रहे हैं। फिल्म में अभिनेता ने अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाई है। फिल्म को समीक्षकों समेत दर्शकों से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इसी कड़ी में पंकज ने बीते दिन रेडिट पर आस्क मी एनीथिंग सेशन आयोजित किया। सेशन में फैंस ने अभिनेता से कई दिलचस्प सवाल पूछे। इसी में एक सवाल पंकज की आगामी फिल्म 'स्त्री' से जुड़ा था, जिसका अभिनेता ने बेहद मजेदार जवाब दिया। लोकप्रिय हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' की अगली कड़ी 'स्त्री' की शूटिंग मध्य प्रदेश के चंदेरी में जारी है, जहां पहला भाग भी फिल्माया गया था। फिल्म में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और



# डीपफेक वीडियो के मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी से गदगद रश्मिका, दिल्ली पुलिस का जताया आभार

**टेक्नोलॉजी** का गलत इस्तेमाल करने वालों को बीते दिन एक बड़ा सबक मिला। सोशल मीडिया पर लगातार सक्रिय कुछ अराजकतत्व बीते कुछ दिनों से मनोरंजन जगत के सितारों का डीपफेक वीडियो बना रहे हैं, साथ ही इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर उन्हें बदनाम करने की जी-तोड़ कोशिश कर रहे हैं। सबसे पहले इस डीपफेक वीडियो की शिकार नेशनल क्रश और साउथ हसीना रश्मिका मंदाना हुई थीं। अभिनेत्री के वायरल डीपफेक वीडियो ने मनोरंजन जगत के सितारों समेत आम लोगों की चिंता भी बढ़ा दी थी। हालांकि, मामला सामने आने के बाद से ही दिल्ली पुलिस आरोपी की तलाश में थी। बीते दिन पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी। मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी से रश्मिका मंदाना खुश हैं। साथ ही पोस्ट कर दिल्ली पुलिस की तारीफ करती नजर आई हैं। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपने डीपफेक वीडियो से जुड़े मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। अभिनेत्री ने कहा कि वह उन लोगों के प्रति वास्तव में आभारी हैं, जिन्होंने डीपफेक वीडियो के मास्टरमाइंड ईमानी नवीन को आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार किया। रश्मिका मंदाना ने पोस्ट कर लिखा, 'दिल्ली पुलिस के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करती हूं। जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए धन्यवाद। उस समुदाय के लिए वास्तव में आभारी हूं, जो मुझे प्यार, समर्थन और मेरी रक्षा करता है।' रश्मिका मंदाना ने आगे जोड़ा, 'लड़कियों और लड़कों अगर आपकी सहमति के बिना कहीं भी आपकी छवि का इस्तेमाल किया जाता है या उससे छेड़छाड़ की जाती है तो यह गलत है। मुझे उम्मीद है कि आप ऐसे लोगों से घिरे हुए हैं जो आपका समर्थन करेंगे और कार्रवाई की जाएगी।' दरअसल 6 नवंबर को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर जारा पटेल का चेहरा मॉर्फ्ड कर उस पर चर्चित अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का चेहरा लगा दिया गया। रश्मिका ने दिल्ली पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी।



# आईटी कंपनी में काम करने वाली युवती की जेब से सब्जी मार्केट में 46 हजार का आईफोन चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग इलाके में आईटी कंपनी में काम करने वाली एक युवती की जेब से किसी ने आईफोन चोरी कर लिया। चोरी गए फोन की कीमत 46 हजार रुपये बताई गई है। इसी प्रकार तीन अन्य स्थानों से दो कीमती मोबाइल फोन और एक लैपटाप चोरी चला गया। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक ऐशबाग निवासी निधि सिंह (28) हैदराबाद स्थित एक आईटी कंपनी में नौकरी करती हैं। बीती 12 जनवरी की रात करीब आठ बजे वह अप्सरा मार्केट सब्जी खरीदने पहुंची थी। इस दौरान उनकी जेब में एप्पल कंपनी का आईफोन रखा हुआ था। कुछ समय उन्होंने देखा तो आईफोन गायब था। निधि को लगा कि उनका मोबाइल कहीं पर गिर गया है, इसलिए उन्होंने पुलिस में फोन गुमने की शिकायत की थी। उसके बाद उन्होंने घर पहुंचकर



अपने मोबाइल फोन को आई क्लाउड से ट्रेस किया तो उसकी लोकेशन घोड़ा नक्कास और पीरगेट के आसपास मिली। तब उन्हें पता चला कि किसी ने जानबूझकर जेब से मोबाइल फोन चोरी किया है। इस पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### लैपटाप और 2 मोबाइल फोन उड़ाए

इधर, अशोका गार्डन थानांतर्गत लाजपत राय कालोनी में रहने वाले अमित कोरी के खुले मकान से चोर एक लैपटाप चोरी कर ले गए। चोरी गए लैपटाप की कीमत 30 हजार रुपये बताई गई है। इसी प्रकार हबीबगंज थानांतर्गत अरेरा कालोनी से दीपेश साहू का 15 हजार रुपये कीमती मोबाइल फोन और सिंधु भवन के पास कृष्णा द्विवेदी का 10 हजार रुपए कीमती मोबाइल फोन चोरी चला गया। इधर देहात के ईंटखेड़ा थानांतर्गत द्वारिका कालोनी लांबाखेड़ा में रहने वाली निर्मला सैनी के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात और 10 हजार रुपये नकदी समेत 45 हजार का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# छोला रोड पर खड़े दो युवकों पर चाकू से हमला कर भागा अज्ञात बदमाश



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हनुमानगंज स्थित छोला रोड पर खड़े होकर झगड़ा देख रहे दो लोगों पर एक युवक पर चाकू से हमला कर भाग निकला। पुलिस ने घायल की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज कर लिया है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक कचरूलाल पवार (35) नागदा जिला उज्जैन का रहने वाला और मजदूरी करता है। 18 जनवरी को वह एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए छोला रोड स्थित कुशवाह धर्मशाला आया था। रात करीब 9 बजे अपने साथी बालमुकुंद और राकेश के साथ छोला रोड स्थित फूटा मकबरा के पास सड़ किनारे खड़ा था। वहां पर कुछ लोग आपस में विवाद कर रहे थे तो तीनों झगड़ा देखने लगे। इसी बीच एक व्यक्ति ने उनके पास पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए कचरूलाल की जांघ और बालमुकुंद के कंधे पर चाकू से हमला कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे तो हमलावर वहां से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर लिया गया। अस्पताल पहुंची पुलिस ने कचरूलाल की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### बैरसिया में शुक्रवार शाम हुआ था लापता

# भाइयों के साथ खेलते समय लापता हुआ मासूम, एक दिन बाद कुएं में मिली लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव इमलिया नरेंद्र में शुक्रवार शाम अपने भाइयों के साथ खेल रहा पांच साल का मासूम रहस्यमय तरीके से लापता हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका सुराग नहीं लगा तो थाने पहुंचकर परिजन ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर अपहरण का मामला दर्ज कर बच्चे की तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं लग सका। शनिवार शाम पुलिस ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए कुएं में उसकी तलाश की और कुएं में बच्चा मिल गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।**

थाना प्रभारी नरेंद्र कुलस्ते ने बताया कि अरुण सपेरा पिता गोरेलाल सपेरा (5) गांव इमलिया नरेंद्र, तहसील बैरसिया में रहता?था। उसके माता पिता मजदूरी करते हैं। अरुण के पिता गोरेलाल ने बताया कि उनके पांच बच्चे थे। अरुण सबसे छोटा था। शुक्रवार दोपहर रिश्तेदारी में सगाई कार्यक्रम था। पत्नी सगाई में गई?थी, जबकि वह काम पर चले गए?थे। काम से शाम को लौटे तो उन्हें अरुण नहीं दिखा। उन्होंने परिवार के साथ अरुण की तलाश की, लेकिन अरुण नहीं मिला।

### पुलिस ने भी की तलाश

रात करीब आठ बजे परिजन थाने पहुंचे और अरुण के गुम होने की सूचना दी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया और रात में ही घटनास्थल पर पहुंचकर बच्चे की तलाश की। गांव में क्रशर की खदाने हैं और जंगली इलाका होने के कारण शियार, लोमड़ी जैसे जानवरों का मुवमेंट रहता है। पुलिस को एक अनुमान यह भी था कि कहीं किसी जानवर ने तो अरुण का शिकार नहीं किया है।



### प्रदेश में किया हुलिया सर्कुलेट

मासूम का हुलिया सभी थानों और आरपीएफ समेत जीआरपी को भेज दिया गया था। पुलिस शुक्रवार रात से ही बच्चे की तलाश कर रही थी। शनिवार सुबह से पुलिस दौबारा बच्चे की तलाश में निकल गई। इस दौरान कल दोपहर आरपीएफ भोपाल से सूचना मिली कि इस तरह के हुलिए का एक बच्चा स्टेशन पर मिला है। पुलिस ने टीम भेजी, लेकिन वह बच्चा कोई और निकला।

### अनहोनी की आशंका निकली सही

थाना प्रभारी कुलस्ते ने बताया कि शनिवार दोपहर वह एक बार फिर घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे और परिजन समेत ग्रामीणों से पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि अरुण अपने भाइयों के साथ घर के बाहर खेल रहा?था। फिर उसके भाई बकरी के लिए पत्ती लेने चले गए। अन्य लोगों से पूछताछ की गई?तो उन्होंने बताया कि अरुण को खेत की तरफ जाते हुए देखा?था। अरुण के चाचा बनवारी लाल से पुलिस ने पूछा कि आसपास कोई कुआ या फिर गड्ढा है क्या? बनवारी ने बताया कि पांच सौ मीटर की दूरी पर है। उसे कुआं चेक करने का कहा गया। बनवारी लाल कुआं चेक करने पहुंचा तो उसमें अरुण की लाश पड़ी नजर आई।

### डीबी मॉल में सातवीं वाहिनी के पुलिस ब्रॉस बैंड की प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा

# वर्दी का संगीत : मध्य प्रदेश पुलिस के गौरवशाली बैंड दल ने दी संगीतमय प्रस्तुति



गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में भोपाल के डीबी मॉल में सातवीं वाहिनी के पुलिस ब्रास बैंड ने 'वर्दी का संगीत' कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थितजनों में देशप्रेम की भावना जाग्रत कर दी। इस दौरान पुलिस ब्रास बैंड में शामिल 35 सदस्यों ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत गीतों की लयबद्ध प्रस्तुति दी। ब्रास बैंड की प्रस्तुति की सभी उपस्थितजन ने सराहना की। बैंड के निरीक्षक सुनील कटारे के मार्गदर्शन में बैंड का संचालन किया गया। कार्यक्रम का संचालन निरीक्षक मृत्यंजय श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डीआईजी मध्य क्षेत्र विशेष सशस्त्र बल नवनीत भसीन और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### देशप्रेम से ओतप्रोत धुनों की दी प्रस्तुति

भोपाल के डीबी मॉल में शाम 7 बजे से प्रारंभ कार्यक्रम में पुलिस ब्रास बैंड के सदस्यों ने प्रसिद्ध %भजन ऐ मालिक तेरे बंदे हम, की धुन से शुरूआत की। इसके पश्चात जय हो, ऐ मेरे वतन को लोगों, तेरी मिट्टी में मिल जावां, लहरा दो सरकशीं का परचम लहरा दो, दिल दिया है जां भी देंगे ऐ वतन तेरे लिए जैसे देशप्रेम से ओतप्रोत धुनों की प्रस्तुति दी गई। दर्शकों की मांग पर मेरे सवालों का जवाब दो, जिमी जिमी आजा-आजा, जमाल कुडु, हंसता हुआ नूरानी चेहरा, हम बंजारों की बात मत पूछो आदि फिल्मी गीतों कीभी प्रस्तुति दी गई। प्रसिद्ध भजन सजा दो घर को गुलशन सा की धुन बजने पर सभी उपस्थितजन उत्साह से भर उठे।

### आज शाम 5 बजे बोट लब पर होगा आयोजन

भोपाल के बोट क्लब पर भी आज शाम 5 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भी सातवीं वाहिनी के पुलिस ब्रास बैंड के दल द्वारा देशभक्ति से भरपूर गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम का मप्र पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर भी सजीव प्रसारण किया जाएगा।

# रंजिश में नाबालिग से मारपीट, ब्लेड से जानलेवा हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित नया बसेरा सुलभ कांप्लेक्स के पास तीन बदमाशों ने पुरानी रंजिश में एक नाबालिग पर ब्लैड से जानलेवा हमला कर दिया। उसे कंधे में गर्दन के पास ब्लैड लगी है। उसे जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। उनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 16 साल का उमेश तिलवानी नया बसेरा कोटरा सुल्तानाबाद में रहता है और आटो चलाता है। उसका इसी इलाके में रहने वाले आदित्य, गट्टू और हरसू से पुराना विवाद है। विवाद के चलते आरोपियों ने शनिवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे के आसपास उमेश को सुलभ कांप्लेक्स के पास रोक लिया। आरोपी पुराने विवाद की बात लेकर मारपीट कर रहे थे। इसी बीच एक आरोपी ने उमेश पर ब्लैड से हमला कर दिया। वहां मौजूद कुछ लोगों ने बीचबचाव किया और गंभीर रूप से घायल उमेश को जय प्रकाश अस्पताल पहुंचाया, वहां उमेश का इलाज चल रहा है।

**मेट्रो एंकर** बीमारी से परेशान होकर उठाया कदम!

# 70 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित खजूरी कला सड़क राजोरा फार्म में रहने वाले सत्तर साल के बुजुर्ग ने शनिवार दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार पवन वैष्णव, खजूरी कलां, राजोरा फार्म मकान नंबर-7 में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कॉलोनी के मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना था। परिवार के सभी लोग मंदिर में व्यवस्थाएं संभाल रहे थे परिजन जब घर से गए तो इमरत वैष्णव घर के सामने धूप में बैठे हुए थे। करीब साढ़े



तीन बजे के आसपास उनका बेटा पवन घर पहुंचा तो उसने पिता की लाश फांसी के फंदे पर लटकी देखी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने बताया कि उन्हें लकवा लगा था और एक तरफ का शरीर काम नहीं कर रहा था। अनुमान है कि बीमारी से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया है।

### होटल के कमरे में मिली युवक की लाश

इधर एमपी नगर जोन टू स्थित हौटल चंदन में शनिवार दोपहर एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक शराब पीने का आदी था और चार दिन से होटल में रुका हुआ था। पुलिस के अनुसार मयंक तिवारी पिता महेश प्रसाद तिवारी (36) कमला नगर में रहता था। वह शराब पीने का आदी था। अत्यधिक शराब पीने के कारण उसका आए दिन परिवार से विवाद होता था। परिजन उससे परेशान हो गए थे। परिजन ने बताया कि मयंक तिवारी गत 16 जनवरी को घर से चले गया था। इसके बाद उन्हें उसकी जानकारी नहीं है। इधर, शनिवार सुबह मयंक के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो होटल के कर्मचारियों ने दूसरी चाबी से कमरा खोला था। इस दौरान उसकी लाश बेड पर पड़ी मिली। अनुमान है कि उसे हार्ट अटैक आया है।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022